दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शुक्रवार 20 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 181 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

**दिल्ली की सियासत का रास्ता गुजरता है बिहार से होकर**

## आज बिहार को बड़ी सौगात देंगे पीएम मोदी

## वंदे भारत ट्रेन को भी दिखाएंगे हरी झंडी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की सियासत का रास्ता बिहार से होकर गुजरता है। बिहार की पॉलिटिक्स देश का नैरिटिव सेट करती है। भाजपा के लिए बिहार जीतना बहुत जरूरी है। 2025 बिहार विधानसभा चुनाव अगले यूपी विधानसभा चुनाव (2027) और 2029 की लोकसभा चुनाव की दिशा तय कर सकता है। पीएम मोदी भी इस बात को बखूबी समझते हैं। इस साल प्रधानमंत्री मोदी चौथी बार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। पीएम मोदी 20 जून को बिहार के सिवान आ रहे हैं। वह बिहार को दस हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम आवास योजना के तहत 51 हजार लोगों को पहली किस्त जारी करेंगे। 5361 करोड़ रुपए की योजनाओं को उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। वह सिवान से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाएंगे।

पीएम मोदी बेतिया पावर सप्लाई प्रोजेक्ट, छपरा वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, बक्सर वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, मोतिहारी सीवरेज प्रबंधन प्रोजेक्ट, बक्सर सीवरेज प्रोजेक्ट, सासाराम सीवरेज प्रोजेक्ट, सिवान सीवरेज नेटवर्क और ट्रीटमेंट प्लांट, बेगूसराय वाटर प्रोजेक्ट, साराराम वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, रक्सौल आई एंड डी और एसटीपी प्रोजेक्ट, बक्सर आईएंडटी और एसटीपी प्रोजेक्ट, आरा प्रोजेक्ट के लिए के लिए राशि जारी करेंगे।




# मुरादनगर थाने के बाहर युवक की गोली मारकर हत्या

## थाना प्रभारी सहित तीन उप निरीक्षक सस्पेंड

**- मिल्क रावली गांव निवासी रवि शर्मा की हत्या में मोंटी और अजय नामजद**

**- मोर्चरी हिंडन पर घंटों मौजूद रहे मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी और साहिबाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा**





मृतक रवि का फाइल फोटो





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के ग्रामीण जोन अंतर्गत आने वाले थाना मुरादनगर के सामने बेखौफ बदमाशों ने आपसी विवाद होने के बाद मिल्क रावली निवासी रवि शर्मा 32 की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। इसकी सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। पुलिस ने रवि शर्मा की हत्या में अजय और मोंटी नाम के बदमाश नामजद किए हैं। इस मामले में पुलिस कमिश्नर द्वारा पुलिस की लापरवाही मानते हुए मुरादनगर थानाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह तोमर, रात्रि अधिकारी उप निरीक्षक सूबे सिंह और संबंधित बीट ऑफीसर उप निरीक्षक मोहित सिंह को निलंबित कर दिया है। वहीं हत्या के बाद से मुरादनगर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। तो वहीं मोर्चरी हिंडन में पोस्टमार्टम होने तक मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी और साहिबाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा जो मृतक के रिश्तेदार हैं, मौजूद रहे। साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति संभालने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### पहले सड़क पर कार हटाने पर विवाद, फिर घर पर चलाई गोलियां और थाने के सामने हुई हत्या



करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुरादनगर थानाक्षेत्र में जिस तरीके से मोंटी और अजय ने पुलिस को खुली चुनौती पेश की है। तो वहीं कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाया है। बताया जा रहा है कि मुरादनगर थाने के सामने बुधवार देर रात करीब मिल्क रावली निवासी रवि शर्मा की हत्या कर दी गई। पुलिस की माने तो रवि शर्मा और आरोपी अजय व मोंटी के बीच बुधवार रात करीब कार निकालने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद आरोपी मोंटी व अजय रवि के घर पहुंचे और मारपीट की और इस दौरान रवि के घर पर दो फायर भी किए और मौके से फरार हो गए। इसके बाद रवि अपने पिता रविंद्र व भाई विकास और अन्य परिजनों के साथ थाने जाने लगे। इस जानकारी होने पर हत्यारोपी अजय और मोंटी फिर से आ गए और गोली चलाई। जिसमें गोली रवि शर्मा के लगी उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाने के ठीक सामने आरोपियों द्वारा सरेराह हत्या के मामले ने कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### परिजनों ने सड़क पर शव रखकर लगाया जाम, बोले पुलिस पूरी तरह नाकाम



करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक रवि शर्मा की उम्र 32 साल थी। उसके पिता रविंद्र शर्मा हैं। रवि शर्मा मिल्क रावली में कीटनाशक की दुकान करते थे और वहीं के मूल निवासी हैं। 11 साल पहले रवि की शादी हुई थी ,उनके 8 साल का एक लड़का और एक बेटी है। जैसे ही उनके परिजनों और गांव के लोगों को रवि की थाने के सामने गोली मारकर हत्या करने की जानकारी मिली तो सुबह बृहस्पतिवार को भारी संख्या में लोग मुरादनगर थाने पहुंचे। मृतक का शव सड़क पर रख दिया और जाम लगाने के बाद पुलिस के खिलाफ नारेबाजी और कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े किए। भारी संख्या में लोगों की भीड़ देख मोदीनगर, मुरादनगर और आसपास के थानों की पुलिस बुलाई गई। साथ ही परिजनों को समझाया गया। मौके पर जब पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा जो कि रवि के बुआ के लड़के बताए जा रहे हैं। मौके पर पहुंचे तो लोगों की भीड़ मौके से हटी, फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए हिंडन मोर्चरी लेकर जाया गया।

### मृतक के पिता और भाई ने कहा पुलिस रवि के हत्यारे को भी ऊपर पहुंचा दे

करंट क्राइम : मृतक रवि के पिता रविंद्र और भाई विकास दोनों बेसुध हो गए थे। उनका कहना था कि पुलिस जल्द से जल्द मोंटी और अजय जो की हत्यारोपी हैं। उनको खोजो और उनका भी एनकाउंटर किया जाए। साथ ही स्थानीय लोगों ने पूरे थाने को सस्पेंड करने की मांग की है।

### पुलिस कमिश्नर ने थानाध्यक्ष सहित तीन उप निरीक्षक किए निलंबित



करंट क्राइम : मुरादनगर थाने के ठीक सामने मिल्क रावली निवासी रवि की हत्या के मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस के आलाधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तो वहीं परिजनों से भी बातचीत की। इस मामले में पुलिस कमिश्नर द्वारा पूरे मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए थानाध्यक्ष मुरादनगर उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह तोमर, थाने पर नियुक्त रात्रि अधिकारी उप निरीक्षक सूबे सिंह और विवाद क्षेत्र से संबंधित बीपीओ उपनिरीक्षक मोहित सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### थाने के बाहर हत्या मतलब पुलिस के इकबाल को चुनौती



करंट क्राइम : एक तरह यूपी पुलिस बदमाशों की कमर तोड़ने का दावा करती है तो कानून व्यवस्था को लेकर खुद सीएम व डीजीपी बयान देते हैं। पर जिस तरह से देश की राजधानी दिल्ली से सटे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले ग्रामीण जोन के अंतर्गत सड़क पर बेखौफ बदमाश अजय और मोंटी ने जिस तरीके से रवि को पिस्टल से एक के बाद एक गोली चलाकर मौत के घाट उतारा है, उसने ना सिर्फ कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़ा किया है बल्कि पुलिस के इकबाल पर भी सवाल खड़ा हो गया है। वहीं थाने के ठीक सामने पहले हत्या और फिर हत्यारोपियों के आसानी से फरार हो जाने पर भी सवाल उठ रहा है। वहीं स्थानीय लोगों व प्रत्यक्षर्दियों ने कहा है कि थाने की पुलिस मूकदर्शक बनी रही। पुलिस वीडियो बनाती रही और बदमाशों ने रवि की जिंदगी का अंत कर दिया। वहीं इस पूरे मामले में भले ही पुलिस कमिश्नर द्वारा तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है, पर मृतक रवि के परिजन और रिश्तेदार पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा योगी आदित्यनाथ की सरकार और उनकी पुलिस पर भी कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कैसे हैं सुरक्षित, जब थाने के बाहर हो रही है हत्या



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ वाली सरकार और यूपी पुलिस अपराधियों में डर और जीरो टॉलरेंस की नीति का दावा करती है। तो गाजियाबाद में जिस तरीके से मुरादनगर थाने के बाहर हत्यारोपियों द्वारा रवि की हत्या की गई ह। उसको लेकर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि जब थाने के बाहर हत्यारेपी निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार कर फरार हो जाते हैं, तो कैसा कानून व्यवस्था और कैसे रामराज कहा जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा है कि इस घटना में शामिल आरोपियों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करें और जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

### किसी भी सूरत में नहीं बक्शे जाएंगे हत्यारोपी : डीसीपी ग्रामीण



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट ग्रामीण जोन के डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने कहा है कि इस पूरे मामले में पांच टीमों का गठन किया गया है। जो मृतक रवि शर्मा के हत्यारोपियों की तलाश कर रही हैं। बताया जा रहा है कि मोंटी नाम का आरोपी कुछ दिनों पहले ही अपनी भतीजी के साथ दुष्कर्म के मामले में जेल से छुटकारा आया है। वह शराब पीने का भी आदि बताया जा रहा है। साथ ही दबंगई का उसका व्यवहार रहता था। रवि की हत्या के पीछे की वजह सड़क पर कार निकालने को लेकर विवाद हुआ था। जो बाद में खूनी संघर्ष के रूप में तब्दील हो गया। इस मामले में डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी का कहना है की हत्यारोपियों की सीसीटीवी फुटेज भी आई है। जिसके बाद उनकी तलाश की जा रही है।



### मोर्चरी पर भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात

करंट क्राइम : मृतक रवि शर्मा के शव को पोस्टमार्टम और अन्य मेडिकल जांच के लिए हिंडन स्थित मोर्चरी लेकर पहुंचाया गया था। जहां पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा और मुरादनगर विधायक अजीत पल्स त्यागी मौजूद रहे। यहां लंबे समय तक दोनों उपस्थित रहे। इस दौरान किसी प्रकार की स्थिति ना बिगड़े इसको लेकर यहां मोदीनगर थाना प्रभारी नरेश शर्मा, लोनी थानाध्यक्ष मुकेश सोलंकी और वेव सिटी थानाध्यक्ष सर्वेश पाल भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा, हम पार्टी पीड़ित परिवार के साथ



करंट क्राइम। मुरादनगर थाने के गेट पर रवि शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन के साथ युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा, मनोज पंडित, उपाध्यक्ष सपा विकास यादव, जिला पंचायत सदस्य एवं हम सभी लोग साथ रहे तथा रवि शर्मा के अंतिम संस्कार के बाद परिवार को इस लड़ाई में साथ रहने का भरोसा भी दिया। पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है।

### अंकित कुमार बनाए गए थानाध्यक्ष मुरादनगर



करंट क्राइम। गुरुवार की रात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मुरादनगर थाने का नया थानाध्यक्ष उप निरीक्षक अंकित कुमार को बनाया गया है। अंकित कुमार इससे पहले वेव सिटी थाने के थानाध्यक्ष रह चुके हैं। तो फिर उन्हें वहां से मोदीनगर थाने में भेजा गया था। फिर एक मामले में लाइन हाजिर हुए थे। बीते कुछ समय से वह पुलिस आयुक्त कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। देखना होगा कि मुरादनगर थाने के सामने हुई हत्या के केस को यह किस प्रकार से खोलेंगे और आगे की वर्किंग क्या रहेगी। बता दें कि गुरुवार दोपहर ही पुलिस कमिश्नर ने मुरादनगर थानाध्यक्ष सहित तीन उपनिरीक्षकों को निलंबित किया था।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर अखिलेश यादव की बधाई में छुपा है सियासी संदेश

## राहुल गांधी ने री-ट्वीट से कर दिया स्पष्ट, मिलकर लड़ेंगे कांग्रेस और अखिलेश





Rahul Gandhi @RahulGandhi · 3h
अखिलेश जी, आपकी शुभकामनाओं के लिए दिल से धन्यवाद।

उत्तर प्रदेश की जनता - ख़ासकर PDA की आवाज़ को - हम सड़क से संसद तक और भी मज़बूती से उठाते रहेंगे। साथ मिलकर, डटकर।

Akhilesh Yadav @yadavakhile... · 10h
श्री राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व सौहार्दपूर्ण, समावेशी, समायोजनकारी समग्र सामाजिक-राजनीतिक सक्रियता के लिए शुभकामनाएँ!



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में छोटी घटनाओं के बड़े संदेश होते हैं और बड़े नेता कम शब्दों में एक बड़ा मैसेज देते हैं। सियासत में गठबंधन तब अहम हो जाता है जब चुनाव नजदीक हो। ये वर्ष भले ही 2025 चल रहा हो, लेकिन चुनावी समर की तैयारियां चल रही हैं। 2027 के चुनावी रण को लेकर भाजपा अभी से अपने संगठन नेटवर्क को दुरुस्त कर रही है। वो बूथ से लेकर मंडल तक कार्यकताओं की फौज तैयार कर रही है। अगर विपक्ष की तरफ देखें तो यहां समाजवादी पार्टी और कांग्रेस लगातार मोर्चा खोल रहे हैं। वो सरकार की आलोचना का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। वो अब अपने कार्यकताओं के साथ जनता के बीच हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि इस समय विपक्ष की राजनीति की दो बड़ी धुरी एक-दूसरे से ट्यूनिंग बनाकर चल रही हैं। राहुल गांधी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं।

उन्होंने बीते दिनों यात्रा निकाली थी और वो विपक्ष के नेता के रूप में लगातार सरकार पर आक्रमक अंदाज में हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पूरी तरह से विपक्षी अंदाज में हैं। गुरुवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन था। राहुल गांधी विपक्षी राजनीति का बड़ा चेहरा हैं। वो कांग्रेस का एक ऐस चेहरा हैं जिन्हें लेकर भाजपा हमेशा घेराबंदी करती है। अगर, भाजपा नेताओं के बयान देखें और सुने तो ये पता चलता है कि वो कांग्रेस के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष को घेरने में उतनी रूचि नहीं लेती है जितनी रूचि वो कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को घेरने में लेती है। राहुल गांधी का गुरुवार को जन्मदिन था और यहां पर पूरी कांग्रेस ने उन्हें बधाई दी। विपक्ष के नेताओं ने बधाई दी, लेकिन यहां जो बधाई चर्चा में रही वो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की थी।



अखिलेश यादव ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर ट्वीट किया। उन्होंने राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाईदी और यहां उन्होंने लिखा कि सौहार्दपूर्ण, समावेशी, समायोजनकारी, समग्र, सामाजिक, राजनीतिक, सक्रियता के लिये शुभकामनएं। अखिलेश यादव की ये पोस्ट ये बता रही थी कि सियासत में दोनों हाथ मिलाकर चल रहे हैं। इसके बाद गठबंधन की राजनीति का मिजाज भांप रहे नेताओं की हार्ट बीट उस समय बढ़ी जब अखिलेश यादव की जन्मदिन की बधाई वाली पोस्ट पर राहुल गांधी ने रि-ट्वीट किया। क्योंकि राहुल गांधी के शब्दों में उत्तर प्रदेश की जनता आई। सड़क से संसद तक मजबूती से आवाज उठाने की बात हुई और यहां सबसे बड़ी बात ये थी कि राहुल गांधी ने शब्द लिखे- साथ मिलकर-डटकर।

राहुल गांधी ने जन्मदिन की शुभकामनाओं का आभार व्यक्त करते हुए लिखा कि अखिलेश आपकी शुभकामनाओं के लिये दिल से धन्यवाद। उसके बाद उन्होंने लिखा कि उत्तर प्रदेश की जनता खासकर पीडीए की आवाज को हम सड़क से संसद तक और भी मजबूती से उठाते रहेंगे। साथ मिलकर, डटकर।

अखिलेश यादव बधाई संदेश के बाद राहुल गांधी के रि-ट्वीट ने आने वाली सियासत के स्पष्ट और मजबूत संदेश दे दिये। ये संकेत है कि 2027 में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन के साथ आएंगे। क्योंकि यहां जो सबसे महत्वपूर्ण शब्द है वो ये है कि सड़क से संसद तक, साथ मिलकर-डटकर। जन्मदिन पर विपक्ष की राजनीति के इन दोनों बड़े चेहरों ने ये बड़ा संदेश दिया कि वो साथ मिलकर आ रहे हैं, हाथ मिलाकर आ रहे हैं।

### गाजियाबाद में रहेगा साइकिल और हाथ के लिए मिलकर लड़ना मुनाफे का सौदा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अगर गठबंधन की बात करें और सियासी ग्राफ को गाजियाबाद के चुनावी परिप्रेक्ष में देखे तो यहां समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को एक-दूसरे का साथ भाया है। वो भले ही सीट नहीं जीत पाए हों लेकिन दोनों ने मिलकर अपना मतदान प्रतिशत का ग्राफ बढ़ाया है। 2022 की चुनावी तस्वीर देखे तो पता चलता है कि यहां विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग लड़े। तब यहां समाजवादी पार्टी और रालोद मिलकर लड़े थे, जबकि कांग्रेस अलग चुनाव लड़ी थी। गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी ने शहर सीट पर विशाल वर्मा को उतारा था। जनरल सीट पर सपा का ये दलित कार्ड रास आया था और यहां सपा ने अपने इस दांव से बसपा के हाथी को पछाड़ दिया था। इसके बाद जब 2024 में लोकसभा चुनाव आया और यहां समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने हाथ मिलाया। इस चुनाव में कांग्रेस ने डॉली शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा और यहां कांग्रेस और सपा मिलकर मजबूती से चुनाव लड़ी। इसके बाद शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुआ और उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस मिलकर लड़ी और अब सियासत की नई इबारत 2027 का चुनाव लिखेगा। अगर हम चुनावी समीकरण को देखें तो ये पता चलता है कि यहां गठबंधन भले ही चुनाव नहीं जीत पाया है, लेकिन वो अपने वोट प्रतिशत में सुधार कर रहा है। लोकसभा में भाजपा को पहले जैसी बढ़त नहीं मिली है और यहां उसका पूरा मार्जन सबसे बड़ी विधानसभा सीट से निकला है। सियासी जानकारी मानते हैं कि अगर सपा और कांग्रेस मिलकर साथ आए और उन्होंने यहां चुनावी रण में मजबूत मोहरे उतार दिये तो वो चुनावी समीकरण को ठीकठाक तरीके से प्रभावित करेंगे। क्योंकि दोनों दलों की ट्यूनिंग 2022 के चुनाव में दिखी थी।

# पूरे हफ्ते भीगेगा दिल्ली-एनसीआर : आज बारिश का येलो अलर्ट

## बुधवार को जलती-चुभती गर्मी और जलन भरी उमस से रहा हाल बेहाल

**नई दिल्ली।** राजधानी में बारिश से कुछ राहत तो मिली है लेकिन उमस बरकरार है। मौसम विभाग ने चार दिन आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, इस पूरे हफ्ते दिल्ली के साथ ही एनसीआर के विभिन्न इलाकों में बौछारें पड़ सकती हैं।

इस दौरान हवा की स्पीड 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक देखी जा सकती है। खासकर शाम के समय हवा की स्पीड 60 किमी प्रति घंटे तक रह सकती है। दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों में 23 और 24 जून को भी मौसम खराब रह सकता है। दोनों ही दिन तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश का अनुमान है। हालांकि, इसको लेकर किसी प्रकार का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। दोनों ही दिन हवा की स्पीड 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे देखी जाएगी।

आंधी के दौरान हवा की स्पीड 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। बुधवार को दिनभर सूरज और बादलों के बीच आंख मिचौली का खेल चलता रहा। हालांकि, बदरा नहीं बरसे, ऐसे में लोगों ने उमस वाली गर्मी महसूस की। अधिकतम तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री कम 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में हवा में नमी का न्यूनतम स्तर 65 फीसदी रहा।







आया नगर में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रिज व लोधी रोड में 33. 8 और पालम में 33.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 24.2 डिग्री दर्ज किया गया। रिज में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# लाडली बहनों के लिए खुशखबरी : अब दिपावली पर 'लक्ष्मी' के घर आएंगी 'लक्ष्मी'

## अब 1250 की जगह मिलेंगे 1500 रुपए




**भोपाल:** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाए जाने को लेकर बड़ा एलान किया है। सीएम डॉ मोहन यादव ने पत्रकारों से बातचीत में इंदौर में मीडिया को कहा कि इस साल दीपावली के अवसर से लाड़ली बहनों के खाते में 1500 रुपए की राशि जाएगी। इसके पहले रधाबंधन के मौके पर हर लाड़ली बहना के खाते में 250 रुपए रक्षाबंधन त्यौहार के लिए अलग से दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इंदौर में मीडिया से चर्चा में कहा कि ₹संकल्प पत्र में घोषणा 3000 की है। हम डंके की चोट पर तीन हजार करेंगे। जब हमने सरकार बनाई, उसके पहले से 1000 देते आए थे। आज 1250 रुपए दे रहे हैं। इसी साल हम रक्षाबंधन पर 250 रुपए अलग से देंगे और दीपावली से लाड़ली बहना योजना में हम 1500 रुपए चालू कर देंगे।

**रक्षाबंधन पर लाडली बहनों को दिए जाएंगे 250 रुपए अतिरिक्त**

**मध्य प्रदेश में 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहना की लाभार्थी :** मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना के 1 करोड़ 27 लाख लाभार्थी हैं। इस महीने लाड़ली बहना योजना की 25वीं किस्त जारी की गई है। इसके अलावा भी सिलेंडर रिफिलिंग की धनराशि के साथ संबल योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि भी जारी की गई। अब तक इस योजना में मोहन सरकार लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी के खाते में 1250 की धनराशि दे रही थी।

अब दीपावली से इसे बढ़ाकर 1500 रुपए किया जाएगा। 2023 में विधानसभा चुनाव के पहले 15 मार्च 2023 को मध्य प्रदेश सरकार ने लाड़ली बहना योजना की शुरूआत की थी। शुरूआत में इस योजना में 1000 रुपए निर्धारित थे। जिन्हें बाद में बढ़ाकर 1250 रुपए कर दिया गया।

**लाड़ली बहना की लड़ाई लड़ने कोर्ट जाएगी कांग्रेस :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया था कि ₹मोहन सरकार ने लाड़ली बहना को लेकर बयान दिया था कि 300 रुपए बहनों का करेंगे। सीएम डॉ मोहन यादव के पहले पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बड़े-बड़े पंडाल लगाकर कहा था कि जैसे-जैसे हमारी वित्तीय स्थिति सुधरेगी, हम बहनों को 3000 की राशि कर देंगे। पटवारी ने कहा कि अभी मध्य प्रदेश में 1800 रुपए हर महीने बहनों के चोरी हो रहे हैं।

20 लाख बहनों के नाम लाड़ली बहना योजना से काट दिए गए हैं। अगस्त दो हजार 2023 से पंजीयन चालू नहीं है। इसके बाद नई 25 से 30 लाख बहनें तैयार हैं जिनका लाड़ली बहना में पंजीयन होना है। पटवारी ने कहा कि कर्जा लिया जा रहा है, ये कहकर कि 65 हजार करोड़ रुपए लाड़ली बहना को देंगे। धनराशि दूसरे मद में खर्च की जा रही है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि हम राजनीतिक विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए हम कोर्ट में जाएंगे। जो 1800 रुपए की चोरी सरकार कर रही है और बहनों को लाभ नहीं दे रही है। उसके नाम पर लोन ले रहे हैं। पूरे प्रदेश को कर्जदार बना रहे हैं।

## भाषा विवाद के बीच गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा बयान
# अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी

**गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म महसूस होगी। हमारी भाषा ही हमारी पहचान है। भारत अपनी भाषाई विरासत को दोबार हासिल करने जा रहा है। विकसित भारत की यात्रा में देशी भाषाओं की भूमिका सबसे अहम होगी।**




**नई दिल्ली।** भाषा विवाद के बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्मिंदगी महसूस होगी। गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देशी भाषाएं भारत की पहचान का केंद्र हैं और उन्हें विदेशी भाषाओं पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

### क्या है पूरा बयान

एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोलते हुए, शाह ने कहा, इस देश में, अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्मिंदगी महसूस होगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना, हम वास्तव में भारतीय नहीं रह सकते। अंग्रेजी को दुनिया भर में औपनिवेशिक गुलामी के प्रतीक के रूप में देखा जाएगा।

### भाषाई विरासत का आह्वान

उन्होंने भारत की भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने के लिए पूरे देश में नए सिरे से प्रयास करने का भी आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारे देश, हमारी संस्कृति, हमारे इतिहास और हमारे धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं है। अधूरी विदेशी भाषाओं के माध्यम से संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।

भाजपा नेता ने आगे कहा, मैं पूरी तरह से जानता हूं कि यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर, आत्मसम्मान के साथ, हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे।

अमित शाह की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दक्षिणी और विपक्षी शासित राज्यों ने केंद्र पर नई शिक्षा नीति (एनईपी) का एक हिस्सा तीन-भाषा फामूर्ले के कार्यान्वयन के माध्यम से हिंदी थोपने का आरोप लगाया है।

# हवा में हड़कंप! दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो की फ्लाइट लौटी




## हैदराबाद से तिरुपति जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट भी लौटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2006 को तकनीकी खराबी के बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। ये फ्लाइट गुरुवार सुबह साढ़े छह बजे दिल्ली से लेट के लिए रवाना हुई थी, लेकिन टेकऑफ के कुछ देर बाद ही तकनीकी खराबी की जानकारी सामने आने के बाद विमान की दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग करानी पड़ी।

**इंडिगो की फ्लाइट को तकनीकी खराबी के बाद वापस लौटना पड़ा।**

इसी बीच जानकारी आ रही है कि हैदराबाद से तिरुपति के लिए उड़ान भरने वाली स्पाइसजेट की क्यू 400 फ्लाइट टेकऑफ के कुछ देर बाद तकनीकी खराबी सामने आने के बाद हैदराबाद लौटना पढ़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 जून को स्पाइसजेट की क्यू400 विमान ने हैदराबाद से तिरुपति के लिए उड़ान भरी थी। फ्लाइट के टेकऑफ के कुछ वक्त बाद पीछे के सामान के दरवाजे की लाइट में रुक-रुक कर जलने की तकनीकी खराबी सामने आई।

इसके बाद सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पायलटों ने एहतियातन विमान को वापस हैदराबाद लौटाने का फैसला किया। विमान ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्रियों को सामान्य रूप से विमान से उतारा लिया गया है।

**स्पाइसजेट ने जारी किया बयान :** घटना के बाद स्पाइसजेट ने बयान जारी कर स्पष्ट किया कि ये एक आपातकालीन लैंडिंग नहीं थी, बल्कि एक सावधानीपूर्ण कदम था ताकि किसी भी संभावित जोखिम से बचा जा सके। स्पाइसजेट ने यात्रियों की सुविधा के लिए तिरुपति के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की है। इस वैकल्पिक उड़ान के जरिए यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। एयरलाइन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया है।

इससे पहले इसी तरह दिल्ली से लेह के लिए रवाना हुई इंडिगो की फ्लाइट को इसी तरह के घटनाक्रम के बाद दिल्ली लौटना पड़ा था। बताया जा रहा है इस विमान में चालक दल समेत 180 लोग सवार थे। सभी को इमरजेंसी लैंडिंग के बाद विमान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

**लेह पहुंच चुकी थी फ्लाइट :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, फ्लाइट 6ए 2006 ने सुबह 6:30 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी।

यह फ्लाइट लेह के कुशोक बकुला रिमपोछे एयरपोर्ट (आईएक्सएल) के लिए निर्धारित थी। उड़ान सामान्य रूप से चल रही थी, लेकिन लेह पहुंचने से कुछ वक्त पहले विमान में तकनीकी खराबी का पता चला।

# चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान

## पंजाब के लुधियाना वेस्ट सीट पर बड़ा मुकाबला

**नई दिल्ली।** चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान चल रहा है। जिन सीटों पर मतदान हो रहा है, उनमें गुजरात की कादी और विसावदर विधानसभा सीट शामिल हैं। ऐसे ही केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर वोटिंग चल रही है। सुबह 11 बजे तक गुजरात की विसावदर सीट पर 28.15 फीसदी, कादी सीट पर 23.85 फीसदी, केरल की नीलांबुर सीट पर 30.15 फीसदी, पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर 21.15 फीसदी और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट 30.64 फीसदी मतदान हुआ।

सुबह नौ बजे तक पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर 10.38 फीसदी और केरल की नीलांबुर विधानसभा सीट पर 13.15 प्रतिशत मतदान हुआ था। इससे पहले सुबह सात बजे पंजाब के लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में मतदान शुरू हो गया। कांग्रेस उम्मीदवार भारत भूषण आशु ने कहा कि लोग चुनाव प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। यहां आप ने संजीव अरोड़ा, कांग्रेस ने भारत भूषण आशु, भाजपा ने जीवन गुप्ता और रअऊने परुपकर सिंह घुम्मन को उम्मीदवार बनाया है। उधर, पश्चिम बंगाल में नादिया के कालीगंज उपचुनाव के लिए मतदान केंद्र 171 पर मतदान जारी है। इस निर्वाचन क्षेत्र से टीएमसी की अलीफा अहमद, भाजपा के आशीष घोष और कांग्रेस के काबिल उद्दीन शेख उम्मीदवार हैं। केरल में नीलांबुर विधानसभा उपचुनाव में सरकारी लोअर प्राइमरी स्कूल, वीट्टीकुथ में मतदान केंद्र संख्या 184 पर मतदान शुरू हुआ। एलडीएफ ने एम स्वराज को, यूडीएफ ने आर्यदान शौकत को, जबकि भाजपा ने एडवोकेट मोहन जॉर्ज को उम्मीदवार बनाया है।




गुजरात की कादी सीट करसनभाई पंजाभाई सोलंकी के निधन की वजह से खाली हुई थी। ऐसे ही विसावदर विधानसभा सीट आप विधायक भयानी भूपेंद्रभाई गंदूभाई के इस्तीफे की वजह से खाली हुई थी। केरल की नीलांबुर सीट पीवी अनवर के इस्तीफे की वजह से खाली हुई थी। वहीं पंजाब की लुधियाना विधानसभा सीट पर गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन की वजह से उपचुनाव कराया जा रहा है। जबकि पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव इस वजह से कराया जा रहा है, क्योंकि यहां नसीरुद्दीन अहमद का निधान हो गया था।

पंजाब की लुधियाना वेस्ट सीट पर जोरदार टक्कर देखने को मिल रही है। यह सीट आप विधायक गुरप्रीत बसी गोगी के निधन के बाद खाली हुई थी। इस सीट से आम आदमी पार्टी (आप) ने राज्यसभा सांसद और उद्योगपति संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया है।

सीएम भगवंत मान ने ऐलान किया है कि जीत के बाद उन्हें कैबिनेट में शामिल किया जाएगा।

### कांग्रेस और भाजपा का क्या है हाल?

बात अगर कांग्रेस और भाजपा की करें तो इस सीट से कांग्रेस ने पूर्व मंत्री और दो बार के विधायक भारत भूषण आशु को मैदान में उतारा है। आशु ने कहा कि उनकी लड़ाई अरोड़ा से नहीं बल्कि केजरीवाल से है, जो राज्यसभा में पीछे के रास्ते से एंट्री चाहते हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरा




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार से तीन दिनों के उत्तराखंड दौरे पर रहेंगी। जहां वह विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगी। खास बात यह है कि 20 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जन्मदिन भी है। जन्मदिन के मौके पर वह राष्ट्रपति निकेतन को आम जनता के लिए खोले जाने से संबंधित समारोह में भाग लेंगी। वह राष्ट्रपति तपोवन का उद्घाटन और राष्ट्रपति उद्यान का शिलान्यास भी करेंगी। इसके अलावा इसी दिन राष्ट्रपति राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान का भी दौरा करेंगी।

बताया गया कि 19 जून को राष्ट्रपति एक एम्फीथियेटर का उद्घाटन करेंगी और राष्ट्रपति निकेतन में स्टाफ क्वार्टरों, अस्तबलों और बैरकों का शिलान्यास करेंगी। 20 जून को वह राष्ट्रपति निकेतन को आम जनता के लिए खोले जाने से संबंधित समारोह में भाग लेंगी और आगंतुक सुविधा केंद्र, कैफेटेरिया एवं स्मारिका दुकान जैसी सार्वजनिक सुविधाओं का उद्घाटन करेंगी।




## राजनीतिक पार्टी कांग्रेस की एक्स चीफ
# सोनिया गांधी अस्पताल से डिस्चार्ज

**नई दिल्ली।** भारतीय राजनीतिक पार्टी कांग्रेस की एक्स चीफ सोनिया गांधी को 15 जून को दिल्ली के सर गंगा राम हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वहां उनका इलाज देश के जाने-माने डॉक्टरों की टीम कर रही थी। सर गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप ने गुरुवार को बताया कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता की सेहत में सुधार है और उन्हें आज डिस्चार्ज कर दिया गया है।

**इलाज से मिला फायदा :** डॉक्टर स्वरूप ने कहा, ₹श्रीमति सोनिया गांधी की सेहत में इलाज से सुधार हुआ है। उनका स्वास्थ्य अब स्थिर है और आगे की देखभाल के लिए आज एक स्पेसिफिक डाइट शुरू की गई है। कुछ वक्त के लिए उनकी हेल्थ मॉनिटर की जाएगी।₹

**अस्पताल से छुट्टी :** रिपोर्ट के मुताबिक अस्पताल से उनकी छुट्टी की तारीख पहले निर्धारित नहीं की गई थी। हालांकि फिर आज उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

डॉक्टर एस नुंदे और डॉक्टर अमिताभ यादव समेत एक्सपर्ट्स की एक खास टीम उनकी सेहत की निगरानी कर रही थी।

# 'जस्टिस यशवंत वर्मा के दुराचरण के पर्याप्त सबूत'




**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड की जांच करने वाली कमेटी की रिपोर्ट सामने आ गई है। 3 जजों की आंतरिक जांच कमेटी ने माना है कि उपलब्ध सबूतों के आधार पर जस्टिस वर्मा का दुराचरण साबित हो रहा है। उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए।

दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर 14 मार्च को आग लगी थी। आग बुझने के बाद पुलिस और दमकल कर्मियों को वहां बड़ी मात्रा में जला हुआ कैश दिखा। सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने 22 मार्च को मामले की जांच के 3 जजों की जांच कमेटी का गठन बनाई थी।

इस कमेटी के अध्यक्ष पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू थे।

हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जी एस संधावलिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जज अनु शिवरामन इसकी सदस्य थे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# पार्षदों ने महापौर को बोर्ड बैठक बुलाने के लिए सौंपे पत्र

## कहा, हाउस टैक्स के विषय पर सदन के सामने स्थिति हो स्पष्ट

### पार्षदों ने 30 जून से पहले बोर्ड बैठक बुलाने पर दिया जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम के लिए बढ़ा हुआ हाउस टैक्स का मामला अब एक बड़ा विवाद और विषय बनता जा रहा है। इसको लेकर गुरुवार को बड़ी संख्या में पार्षदों ने महापौर सुनीता दयाल को पत्र दिया और 30 जून से पहले पहले बोर्ड की बैठक बुलाने का निवेदन किया है। साथ ही महापौर के सामने सभी पार्षदों ने कहा है कि सदन में यह स्पष्ट हो कि टैक्स पर क्या स्थिति रहने वाली है। वहीं पार्षदों ने नगर निगम में महापौर सुनीता दयाल से बातचीत करते हुए कहा है कि हाउस टैक्स को लेकर जो भी फैसला लिया जाए वह जनता के हितों को ध्यान में रखकर लेना चाहिए। साथ ही इस मौके पर पार्षदों का यह भी कहना है कि अगर टैक्स इतनी अधिक दर से बढ़ेगा तो वह आने वाले चुनाव में जनता के बीच किस मुंह से जाएंगे। उधर सूत्र बता रहे हैं कि अभी नगर निगम की बोर्ड बैठक किस दिन बुलाई जाएगी, इसकी डेट फिक्स नहीं हुई है। पर सुनने में आया है कि ऐसे दिन को चुना जा रहा है जिस दिन कई जनप्रतिनिधि उसमें उपस्थित हो सके और हाउस टैक्स को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सके।



### पार्षदों ने उठाई टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में जबरदस्त आवाज

**करंट क्राइम :** गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल से मिलने के लिए बड़ी संख्या में पार्षद पहुंचे। इसमें सिटी से लेकर नदिया पार और विजयनगर जोन के भी पार्षद मौजूद रहे। वहीं कई पार्षद पति भी पहुंचे थे। सभी ने महापौर सुनीता दयाल से कहा है कि हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर पार्षद उनके साथ हैं। नगर निगम जिस तरीके से मनमाने ढंग से हाउस टैक्स बढ़ा रहा है, उससे आम जनता परेशान होगी। साथ ही वह पार्षदों को भी लगातार शिकायत कर रही है। वहीं नगर निगम के पार्षदों ने नगर निगम के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों पर हाउस टैक्स के बिल गलत कैलकुलेशन और अधिक धनराशि वसूलने का भी मामला प्रमुखता से महापौर के सामने उठाया है। जिस पर महापौर ने जल्द से जल्द संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है।

### यह पार्षद नहीं पहुंचे नगर निगम, नहीं दिया पत्र

**करंट क्राइम :** गुरुवार को कई ऐसे भी पार्षद थे, जिनको उनके साथ पार्षद खोज रहे थे। साथ ही उनके पत्रों का भी इंतजार था। पर हाउस टैक्स वाले मामले में जो गुरुवार को दूर रहे। उसमें पार्षद यशपाल पहलवान, श्रीभगवान अग्रवाल, हिमांशु चौधरी, राजकुमार भाटी, ओमवती देवी, राहुल शर्मा, किरण राजीव शर्मा, प्रवीण चौधरी, राजीव भाटी और वीरेंद्र त्यागी नजर नहीं आए।

### इन पार्षदों ने दर्ज कराई अपनी उपस्थिति




**करंट क्राइम :** हाउस टैक्स बढ़ाने को लेकर पत्र सौंपने व अपनी बात रखने के लिए पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से पार्षद गौरव सोलंकी, नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, ओम प्रकाश ओड़, पूनम सिंह, देव नारायण, कन्हैया लाल, संतोष सिंह राणा, अमित त्यागी, मनोज त्यागी, पवन गौतम, राजकुमार नागर, शशि सिंह, सुधीर कुमार, सत्येंद्र पाल सिंह, जोगिंदर सिंह, भूपेंद्र उपाध्याय, शिल्पा चौधरी, प्रीति जैन, मनोज पाल, जय किशन पाल, विनय कुमार चौधरी, अनिल कुमार तोमर, सचिन कुमार डागर, हरिश्चंद्र सिंह, धीरज अग्रवाल, कुलदीप त्यागी, राधेश्याम त्यागी, अनुज त्यागी, सुनैना देवी, मंजू, जगत सिंह, छाया त्यागी, पवित्रा देवी, ओमपाल सिंह, प्रतिमा शर्मा, नरेश कुमार भाटी, अजीत निगम, रंजीता कल्याणी, सीमा यादव, शीतल देओल, कुसुम गोयल, सिमरन मलिक, रुबीना अब्बासी, मिथलेश, अभिषेक चौधरी, धीरेंद्र यादव, प्रवीण कुमार, रीना, सुमन चौधरी, रजनी, साजिदा, पूर्व पार्षद मनोज गोयल, पूर्व पार्षद राजेंद्र तितोरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### पूर्व पार्षद ने निगम पर लगाया जबरन अतिक्रमण हटाने का आरोप

**करंट क्राइम :** नगर निगम के पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने नगर निगम के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि जब वह नगर निगम में महापौर से हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विषय में अपना पत्र दे रहे थे और बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता पहुंचा और उनके रखे निर्माण सामग्री को वैशाली से हटाने का काम किया, जबकि उनका आरोप है कि उनके द्वारा बीते दिनों जहां अतिक्रमण हटाने की शिकायत की गई थी। वहां से नगर निगम ने उसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि वह लगातार टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में आवाज बुलंद कर रहे हैं, इसीलिए नगर निगम द्वारा साजिश के तहत उनकी निर्माण सामग्री को उठाया गया है।

# सीनियर पार्षद प्रवीण चौधरी ने हाउस टैक्स मुद्दे पर रखी अपनी बात

## कहा, मेयर चाहें तो बुला सकती हैं 24 घंटे में आकस्मिक बैठक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स को लेकर अब मोर्चा लगातार धीरे-धीरे खुलता जा रहा है। पार्षदों ने विरोध किया और मेयर को लेटर लिखे। लेटर का मेटर भी हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी का विरोध है। पहले छह पार्षदों ने पत्र लिखे थे और गुरुवार को ये तय हो गया कि नगर निगम का सदन अब इस टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में लामबंद हो रहा है। गुरुवार को 67 पार्षदों ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर लेटर लिखे और गुरुवार को ये सभी पार्षद नगर निगम में मेयर के कार्यालय में पहुंचे। पार्षदों ने यहां डेरा डाल दिया और हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध किया। पार्षद इस मामले में कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने महंगाई का हवाला दिया और ये कहा कि हमें क्षेत्र में जनता को फेस करना है। इतनी बढ़ोत्तरी ठीक नहीं है। इसी बीच मेयर ने भी बोर्ड बैठक बुलाए जाने की बात की।

गौरतलब है कि पार्षद पहले से ही हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर विशेष बोर्ड बैठक बुलाए जाने की मांग कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि 30 जून को बोर्ड की बैठक हो सकती है। इसी बीच बोर्ड बैठक को लेकर भाजपा के पार्षद पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने अपनी राय रखी। प्रवीण चौधरी पेशे से अधिवक्ता है और निगम एक्ट के जानकार हैं। वो टैक्स के मामले पर पहले से ही मेयर के फैसले का इंतजार करने की बात कह रहे हैं।






गुरुवार को भी उन्होंने यही बात दोहराई। उन्होंने कहा कि मेयर सुनीता दयाल हमारी नेता हैं। वो नगर निगम सदन की मुखिया हैं और हम उनके साथ हैं। बोर्ड बैठक बुलाए जाने के मुद्दे पर पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि मैं इस विषय में इतना कहना चाहता हूं कि टैक्स वृद्धि के विरोध का मुद्दा एक ज्वलंत मुद्दा है। टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में पार्षदो की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जहां तक निगम एक्ट की बात है तो नगर निगम अधिनियम के अनुसार सदन की मुखिया के रूप में मेयर को यह विशेष अधिकार दिया गया है कि वह किसी आवश्यक मुद्दे पर 24 घंटे के भीतर नगर निगम सदन की बैठक बुला सकती हैं।

पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि विशेष बैठक बुलाए जाने के बाद इस मुद्दे पर सामूहिक सहमति से जल्द समाधान हो सकता है। पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि जहां तक निगम एक्ट की बात है तो उसका कानूनी पहलू ये है कि मेयर के पास यह अधिकार है कि वह जब चाहे तब 24 घंटे के भीतर निगम सदन की बैठक बुला सकती हैं। पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि जहां तक बात पार्टी प्रोटोकॉल की है तो मैं एक बार फिर दोहरा दूं कि मैं भाजपा का पार्षद हूं और मैं अपनी मेयर सुनीता दयाल के साथ हूं। जैसा उनका निर्देश होगा हम सदन में उसका पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें पार्टी के और अपनी मेयर के निर्देशों की प्रतीक्षा है। मेयर नगर निगम सदन की मुखिया हैं और उनका सम्मान सर्वोपरि है।

### हरनंदीपुरम योजना को धरातल पर साकार करने की दिशा में प्राधिकरण को मिली कामयाबी

# योजना के दो अन्य किसानों ने जीडीए के पक्ष में कराया जमीन का बैनामा

### इस तरह किसानों के द्वारा किए जा चुके हैं तीन बैनामे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के नेतृत्व में प्राधिकरण की अतिमहत्वपूर्ण हरनंदी पुरम योजना को धरातल पर साकार करने की दिशा में चल रही मुहिम में जीडीए को आज एक बडी कामयाबी हासिल हुई। योजना के अन्य किसानों के द्वारा अपनी जमीन के बैनामें जीडीए के पक्ष में कर दिए।





किसान परिवारों को बैनामें के साथ प्रतिकर की राशि का भुगतान कर दिया गया। इस तरह से किसानों के द्वारा अभी तक जीडीए के पक्ष में तीन बैनामें किए जा चुके है। इस कडी में राजनगर निवासी अभय सिंघल पुत्र प्रमोद सिंघल के द्वारा ग्राम चम्पत नगर के खसरा संख्या 270 के रकबा 0.1420 जमीन का बैनामा जीडीए के पक्ष में कर दिया गया। प्रतिकर के तौर पर 45 लाख 89 हजार 440 राशि का भुगतान कर दिया गया। इसके अलावा शाह पुर निज मोरटा निवासी किरण पाल त्यागी पुत्र त्रिलोक चंद के द्वारा ग्राम शमशेर के खसरा संख्या 837 के रकबा 0.3455 जमीन को जीडीए के पक्ष में बैनामा किया गया। किसान परिवार को प्रतिकर के तौर पर एक करोड 86 लाख 84 हजार 640 राशि का भुगतान कर दिया गया। इस तरह से जीडीए के पक्ष में योजना से प्रभावित तीन परिवारों के द्वारा बैनामें किए जा चुके है। हाल में श्रीमती रूबी पत्नी दीपक कुमार निवासी ग्राम नगला फिरोजपुर मोहनपुर के द्वारा खसरा संख्या 364 मि0 रकबा 0.0759 हैक्टेयर जमीन का बैनामा किया गया था।

जीडीए के द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रतिकर के मुददे पर हाल में हुई बैठक के दौरान लिए गए निर्णय एवं प्राधिकरण बोर्ड के फैसले के आधार पर किसानों के साथ रजामंदी के प्रयास किए जा रहे है।

# गए थे जिस एनसीआर बोर्ड में सारे जनप्रतिनिधि प्रस्ताव लेकर

## क्या फाइलों में ही उलझकर रह गई वो दिल्ली में चली विकास वाली चर्चा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनप्रतिनिधि विकास चाहते हैं और सब अपनी-अपनी निधि से क्षेत्र का विकास कराते हैं। लोकसभा सांसद बनने के बाद अतुल गर्ग ने क्षेत्र के विकास के लिये लगातार कई कदम उठाए हैं। उन्होंने लंबे समय से बंद पड़े हिंडन एयरपोर्ट हवाई अड्डे से उड़ान शुरू करा दी। उन्होंने लोनी से लेकर शहर विधानसभा में कई विकास कराए। वो शहर विधायक के साथ रक्षामंत्री के यहां गए और सेना की जमीन पर उस अवैध कब्जे को हटाया जिसे पिछले 30 सालों से कोई सरकार नहीं हटा सकी।

अतुल गर्ग विकास को लेकर कमिटिड रहते हैं और यही वजह है कि अतुल गर्ग ने लोकसभा सांसद बनने के बाद से विकास परिधि में सभी जनप्रतिनिधियों को साथ लिया और इसके नतीजे भी सामने आए। दिशा की बैठक की दशा बदली और एक अलग तस्वीर सामने आई। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग कुछ समय पहले एनसीआर बोर्ड के दफ्तर गए थे। बड़ी बात ये थी कि एनसीआर बोर्ड के दफ्तर में वो अकेले नहीं गए थे। वो अपने साथ मेयर सुनीता दयाल को लेकर गए थे। वो अपने साथ शहर विधायक संजीव शर्मा को लेकर गए थे और उन्होंने उन जनप्रतिनिधियों से भी उनकी राय, उनके प्रस्ताव ले लिये थे जो एनसीआर बोर्ड के दफ्तर में उस दिन नहीं जाए पाए थे। जनप्रतिनिधियों का ये टोला जब एनसीआर बोर्ड के दफ्तर से लौटा तो ऐसा लगा कि अब विकास योजनाओं का पिटारा खोला है। जनप्रतिनिधियों ने बताया था कि उन्होंने इतने करोड़ की विकास योजनाओं के प्रस्ताव रखें हैं। एनसीआर बोर्ड ने उनके प्रस्तावों पर सहमति की मुहर लगाई है और सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को बताया भी था। ये भी बताया था कि अब किस तरह से क्षेत्र का विकास होगा और यहां सबने अपने-अपने प्रस्तावों का भी जिक्र किया था। जनता भी इंतजार देख रही है कि सरकार वाले दिल्ली-एनसीआर बोर्ड गए थे और प्रस्ताव देकर आए थे। अब जनता में ही चर्चा है कि आखिर क्या हुआ कि बोर्ड वाली बैठक का कोई प्रस्ताव धरातल पर आया या नहीं आया। तस्वीर तो विकास की दिखाई थी। वो पूछ रहे हैं कि एनसीआर बोर्ड के दफ्तर में जो जनप्रतिनिधि गए थे वो बताएंगे कि क्या डीपीआर फाइनल हुई, क्या जनता को कोई तोहफा इस साल तक मिल जाएगा। जनता पूछ रही है कि मुलाकात हो गई, लेकिन जनप्रतिनिधि अपडेट तो बताएं।







# जब से भगवा राजनीति में बढ़ी है वैश्य चेहरों की एक्सटेंशन

# तब से बढ़ रही है सेकंड लाइन के वैश्य नेताओं की भी टेंशन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कोई लोकसभा, कोई विधानसभा ऐसी होती है जहां एक बिरादरी का प्रभुत्व रहता है। एक लंबे समय तक गाजियाबाद में लोकसभा सीट पर ठाकुर बिरादरी का दबदबा कायम रहा और अब इस दबदबे की कमान वैश्य चेहरे के रूप में अतुल गर्ग ने संभाली है। राजनीति में जब बात भगवा गढ़ में वैश्य चेहरों की चलती है तो ये कहा जाता है कि गाजियाबाद में भाजपा हाईकमान पूरी तरह से वैश्य चेहरों पर मेहरबान है। वो इसे गिनाते भी हैं और बताते भी हैं कि गाजियाबाद में राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल रहे हैं, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग है, मेयर सुनीता दयाल हैं, एमएलसी दिनेश गोयल हैं, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल हैं, जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल हैं, पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल हैं और सबसे खास बात ये है कि ये सब के सब चेहरे वैश्य समाज से हैं। संगठन की कमान वैश्य के पास है।

लोकसभा में वैश्य चेहरा है, मेयर सीट पर वैश्य काबिज है, विधानसभा परिषद में वैश्य चेहरा है। महानगर की कमान वैश्य के पास है। दर्जा प्राप्त मंत्री वाली कृपा भी हुई तो वैश्य चेहरे के रूप में अशोक गोयल पर हुई। ये भाजपा के स्थापित चेहरे हैं और अब चर्चा वैश्य बिरादरी के बीच ही सैकिंड लाइन लीडरशिप को लेकर होने लगी। जबसे भाजपा के वैश्य चेहरों की संगठन से लेकर सदन तक एक्सटेंशन हो गई है तब से फ्यूचर राजनीति के सैकिंड लाइन के चेहरों को भी टेंशन हो गई है। क्योंकि ये चर्चा होने लगी है कि जब ये सीट खाली होगी तभी तो बात बनेगी और वहीं दूसरी तरफ सियासत में ये अंगड़ाई भी चल रही है कि सारी मेहरबानी वैश्यों पर ही ठीक नहीं है। सवाल यही है कि क्या सैकिंड लाइन के नेताओं को स्थान मिलेगा। कई फेस हैं जो समाज में अपना बेस रखते हैं और वो पॉलिटिक्स में एक स्पेस की तलाश में हैं। जब पार्टी समीक्षा करेगी तो ये भी सामने आएगा कि दर्जा प्राप्त से लेकर लोकसभा, राज्यसभा, विधान सभा, विधान परिषद, मेयर, नगर पालिका परिषद सभी पर तो बिरादरी कृपा हो चुकी है। ऐसे में फ्यूचर चेहरों को इस एक्सटेंशन को लेकर टेंशन है। क्योंकि वैश्य समाज के कई चेहरे ऐसे हैं जो अपनी छवि, अपनी योग्यता, पार्टी के प्रति समर्पण के मामले में एक मजबूत प्रोफाइल रखते हैं।




करंट क्राइम। राजनीति समय के साथ करवट बदलती है और राजनीति तेजी से अब चेहरों को रिप्लेश कर रही है। जो आज साहिब-ए-मसनद हैं वो कल नहीं थे और आने वाले कल में कौन होगा इसको लेकर मंथन चल रहा है। वैश्य समाज की बात करें तो यहां सबसे वरिष्ठ भाजपाई अशोक गोयल हैं। उन्हें संगठन में भी पद मिला है और वो व्यापारी फोरम के अध्यक्ष रहे हैं। यह पद दर्जाप्राप्त माना जाता है। इसके बाद वो क्या चाहते हैं ये वो बेहतर जानते हैं। यहां पर फ्यूचर राजनीति की बात करें तो सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल का नाम आता है। वो कविनगर रामलीला समिति के अध्यक्ष हैं। सामाजिक और खासतौर से भाजपा के कार्यक्रमों में उनकी सहयोग वाली भागीदारी रहती है। विवादों से दूर रहते हैं और मेयर टिकट में दावेदारी से लेकर विधानसभा तक दावेदारी में उनका नाम चला है। ये चेहरा फ्यूचर राजनीति का चेहरा है। भाजपा की बात आएगी तो यहां वैश्य चेहरों में समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता का नाम आएगा। संजीव गुप्ता अपनी सौम्यता और भाजपा के प्रति अपने समर्पण के लिये कमिटिड रहते हैं। धार्मिक कामों में, सामजिक कामों में भागीदारी रहती है। वो टिकट की दावेदारी में रह चुके हैं और वैश्य समाज के प्रतिष्ठित प्रोफाइल के नेता हैं। वैश्य समाज की बात करें तो यहां वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले पुराने भाजपाई हैं और एक तरह से पीढ़ी दर पीढ़ी के भाजपाई हैं। जन्मजात भाजपाई हैं। एक लंबे समय से वो वेटिंग में हैं। मेयर दावेदारी में उनका नाम बहुत प्रमुखता से चलता था। कहा तो ये जाता है ऐन टाइम पर सीट महिला घोषित होने समीकरण बिगड़ गए, नहीं तो टिकट भी खादी वालों का था और मेयर कक्ष में मेयर कुर्सी पर भी वो ही विराजमान दिखाई देते। अपने मिलनसार व्यवहार और बेदाग छवि के लिये वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले जाने जाते हैं। वैश्य चेहरों की बात करें तो अनिल अग्रवाल सांवरिया के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता है। वो संघ पृष्ठभूमि से आते हैं। वो धार्मिक गतिविधियों में सबसे आगे रहते हैं, व्यापार मंडल के भी नेता हैं और भाजपा वाली कृपा का बादल उनपर अभी नहीं बरसा है।

वैश्य चेहरों की बात करें तो अतुल जैन इस कड़ी में एक मजबूत नाम हैं। अतुल जैन लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं, शिक्षाविद हैं और भाजपाई हैं। उनका नाम भी वैश्य समाज की मजबूत फ्यूचर पॉलिटिक्स का नाम है। वैश्य समाज की बात करें तो जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल दो बार विधानसभा की दावेदारी में रहे हैं। वो महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी में मजबूती वाला नाम रहे थे। मौजूदा समय में पार्टी ने उन्हें जीडीए बोर्ड सदस्य बनाया है। भविष्य की राजनीति में उनका भविष्य क्या है ये पार्टी हाईकमान जानता है। इसी कड़ी में मुरादनगर से आने वाले भाजपा के महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल का नाम भी वैश्य समाज के आने वाले कर्णधारों में शामिल होता है। उनकी पत्नी मुरादनगर नगर पालिका परिषद चेयरमैन का चुनाव लड़ी थी। गोपाल अग्रवाल पार्टी के सकारात्मक, ऊर्जावान और सहयोगी नेताओं में हैं। वैश्य समाज की नेताओं वाली कड़ी में पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन का नाम भी आता है। विजय मोहन का नाम हाल ही में शहर सीट पर हुए उपचुनाव की दावेदारी में भी चला था। वो महानगर अध्यक्ष रहे हैं, निगम पार्षद रहे हैं और वरिष्ठ भाजपाई हैं। वैश्य समाज के चेहरों की बात करें तो यहां अशोक अग्रवाल नमक वाले नई राजनीति का नया चेहरा है। हालांकि वो भाजपा से पहले से जुड़े हैं, लेकिन उनपर अभी संगठन की निगाह नहीं पड़ी है। वो भाजपा की आने वाले समय की फ्यूचर वैश्य राजनीति का चेहरा हैं। वैश्य समाज के नेताओं में अनुज मित्तल का नाम भी मजबूती से लिया जाता है। वो व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक रहे हैं और संगठन से लेकर दर्जाप्राप्त तक यह चेहरा एक योग्यता रखता है।

## संपादकीय

# सार्थक बातचीत

भारत और कनाडा के बीच रिश्ते जस्टिन ट्रूडो के दौर में काफी खराब हो गए थे। हालांकि, नए पीएम मार्क कार्नी के आने के बाद दोनों देशों के बीच रिश्तों में सुधार देखने को मिला है। अब दोनों देश एक बार फिर से राजनयिक रिश्ते बहाल करने पर सहमत हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब G7 सम्मेलन के लिए रवाना हुए थे, तो दो मुद्दों पर खासकर सभी की नजर थी – कनाडा के साथ रिश्ते किस तरह आगे बढ़ते हैं और आतंकवाद पर भारत अपना पक्ष किस तरह रखता है। एक ही मंच का इस्तेमाल कर देश ने दोनों को साध लिया। यह आयोजन भारत और कनाडा के बीच रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का जरिया तो बना ही, नई दिल्ली ने दुनिया को आतंकवाद के प्रति भी चेता दिया कि इस मामले में दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। रिश्ते सुधारने का मौका भारत और कनाडा ने एक–दूसरे के यहां हाई कमिश्नर जल्द से जल्द बहाल करने का ऐलान किया है। यह उस गलती को सुधारने की दिशा में पहला कदम है, जो कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो ने की थी। राजनयिक संबंध बहाल होने से दूसरे द्विपक्षीय मामलों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिनमें पिछले साल टकराव के बाद से ठहराव आ गया था। इसमें प्रमुख है व्यापार और निवेश समझौता ।

व्यापार बढ़ेगा एक विस्तृत इकॉनमिक एग्रीमेंट को लेकर दोनों देशों ने 2010 में बातचीत शुरू की थी। करीब एक दशक तक सब ठीक चला, लेकिन पहले कोरोना की रुकावट आई और फिर कूटनीतिक रिश्ते खराब हो गए। भारत और कनाडा के बीच वित्तीय वर्ष 2024 में 8.37 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। हालांकि दोनों की इकॉनमी को देखते हुए क्षमता और संभावनाएं कहीं ज्यादा हैं। आर्थिक समझौते से व्यापार आसान होगा, निवेश बढ़ेगा और अनुमान है कि द्विपक्षीय कारोबार में 6 बिलियन डॉलर तक का इजाफा होगा।

इजरायल का पांचवां F-35 ध्वस्त, ईरान के दावे से टेंशन में अमेरिका, खतरे में लड़ाकू विमान की बादशाहत अलगाववाद का मुद्दा भारत और कनाडा के सामने शिक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, इंफ्रा, कृषि – तमाम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अपार मौके हैं। भारतीय छात्रों के लिए कनाडा Top foreign destination रहा है। बातचीत बढ़ने से student visa और वर्क परमिट आसान हो सकता है। पीएम मोदी और मार्क कार्नी की मुलाकात से जो रास्ता खुला है, उसका पूरा फायदा मिले, इसके लिए कनाडा को खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़ी भारत की चिंताओं पर ध्यान देना होगा। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर केस से जुड़े सवाल पर कार्नी का संतुलित जवाब बताता है कि उन्हें भी इसका ख्याल है। आतंकवाद पर अपील पीएम मोदी ने G7 Outreach session में आतंकवाद का मुद्दा उठाया और उनका सवाल बिल्कुल ठीक है कि आतंकवाद के प्रायोजक देश और पीड़ितों को एक तराजू में क्यों तौला जा रहा है।

# भारत दे सकता है यूके की अर्थव्यवस्था को रफ्तार



**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत यूके की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय यूके जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं। मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के रिश्तों और मजबूत होंगे।

वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इंडिया ग्लोबल फोरम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है। यहां के लोग अपने शांत स्वभाव के कारण पूरे विश्वभर में जाने जाते हैं। चार करोड़ भारतीय विश्व के अलग-अलग देशों में रहते हैं, जिन्हें उनकी प्रतिभा और कौशल के लिए पहचाना जाता है। उद्योग मंत्री ने यूके और भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त में दिए जाने वाला कहा न्यायपूर्ण नहीं है, भारतीय यूके में जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ने का काम करते हैं।

### एफटीए की चर्चा तीन वर्षों से चल रही थी

एफटीए का फैसला इस बार नई सरकार के आने के बाद उठाया गया है। पिछले तीन वर्षों से इस पर चर्चा चल रही थी। एफटीए के तहत भारत 90 प्रतिशत ब्रिटिश वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेगा, जिसमें 85 प्रतिशत दस वर्ष की अवधि में पूरी तरह से शुल्क मुक्त हो जाएंगे।

## देश में डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंतित सीतारमण, फिनटेक कंपनियों से की समाधान की अपील



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में डिजिटल पेमेंट अवॉर्ड्स 2025 के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश में बढ़ते डिजिटल फ्रॉड से समाधान की बात पर जोर दिया। उन्होंने फिनटेक स्टार्टअप्स से अपील की कि वे डिजिटल फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल गिरफ्तारी और डीपफेक जैसी बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस तकनीकी समाधान लेकर आएं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारत में बढ़ते डिजिटल फ्रॉड, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे मामलों में तकनीकी समाधान लाने की बात पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने फिनटेक स्टार्टअप्स से अपील की कि वे देश में इस प्रकार से बढ़ते डिजिटल फ्रॉड के मामलों से निपटने के लिए तकनीकी समाधान लेकर आएं। बता दें कि वित्त मंत्री सीतारमण ने बातें दिल्ली में आयोजित डिजिटल पेमेंट अवॉर्ड्स 2025 कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने 'फ्लाई–बाय–नाइट' ऑपरेटर्स (जो फर्जी कंपनियां बनाकर लोगों को ठगते हैं) और डीपफेक टेक्नोलॉजी को भी बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि ये तकनीकें आम लोगों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रही हैं।

# मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार सेंसेक्स 82 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला




**नई दिल्ली।** गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 82.79 अंक गिरकर 81,361.87 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 18.80 अंक गिरकर 24,793.25 अंक पर आ गया। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच शेयर बाजार में मामूली गिरावट दर्ज की गई। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 82.79 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरकर 81,361.87 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 18.80 अंक या 0.08 प्रतिशत गिरकर 24,793.25 अंक पर बंद हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट



- खाने का स्वाद उसमें लार यानी सलाइवा मिलने के बाद ही आता है।
- यदि मकड़ी को जलाया जाये तो वो बारूद की तरह फट जायगी।
- मानव गर्भनिरोधक गोलियां गोरिल्ला पर भी काम करती है।
- क्या आपको पता है कि, अरेबिक नुमराल सिस्टम का भी खोज भारत में ही हुआ था।
- मच्छर के मुंह में 47 दांत होते हैं।
- अमेरिका के मूल निवासी अपने बच्चों का पहला नाम उस चीज के नाम पर रखते हैं जिस चीज को वह अपने घर से बाहर निकलते ही सबसे पहले देखता है।
- पक्षियों में केवल तोता ही ऐसा पक्षी है जो जम्हाई लेता है।
- अगर हम सूर्य को एक क्रिकेट की गेंद मान ले तो पृथ्वी का आकर एक धूल के कण के बराबर होगा।
- तेंदुआ अँधेरी रात में भी अच्छी तरह से देख सकता है।
- क्या आपको पता है कि, हमारे देश मे डॉल्फिन मछली को नहीं पकड़ा जा सकता है, ये एक जुर्म है।
- गस्त माह में सबसे ज्यादा बच्चे पैदा होते हैं।
- पश्चिमी अफ्रीका के माध्यमिक जनजाति के लोग मर चुके मानव की खोपड़ी का इस्तेमाल फुटबॉल खेलने में करते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं।

**वृष:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी अपनी भावनाओं को वश में रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार के लिए सचेत रहें।

**मिथुन:** मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। निवेश लाभप्रद रहेगा। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान मिल सकता है।

**कर्क:** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से धन मिल सकता है।

**सिंह:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन–सत्ता के सहयोग से मान–सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या:** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**धनु:** मन थोड़ा परेशान तो रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। मान–सम्मान में वृद्धि होगी।

**मकर:** मन परेशान रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**मीन:** आत्मविश्वास तो रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। आत्मसंयत रहें। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

## चुटकुले

संता ने बंता से पूछा– तू लड़की देखने गया था, क्या लड़की पसंद नहीं आई? शादी क्यों तोड़ दी?
बंता– यार लड़की तो सुंदर थी लेकिन उसका कोई ब्वॉयफ्रेंड नहीं था... संता– तो?
बंता– जो आज तक किसी की न हो सकी, वो मेरी क्या होगी? मैं तो शादी उसी लड़की से करूंगा जिसका ब्वॉयफ्रेंड हो!

---

चिंटू–पिंटू आपस में बात कर रहे थे...
चिंटू– एक लॉजिक मैं आज तक समझ नहीं पाया,
पिंटू – क्या?
चिंटू– धीरे बोलो दीवारों के भी कान होते हैं, मान लो कान होते भी हैं तो जुबान तो नहीं होती ना, सुन भी लिया तो किसी को कैसे बताएंगे?

---

पति– मुझे अजीब सी बीमारी है। मेरी बीवी जो बोलती है मुझे सुनाई नहीं देता है।
डॉक्टर– यह बीमारी नहीं है तुम पर भगवान की कृपा है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 20 06 2025 करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




नीतू चंद्रा
अभिनेत्री



अंशिका ठाकुर | अबान मलिक | अहम नागर | गणेश गुर्जर



उत्कर्ष कश्यप | पर्व शर्मा | डुग्गू | निशा गुप्ता | दयावती



कल्पना मित्तल | भाषा सिंह | ममता तिवारी | हरीश चंद्र शर्मा | सुनील चौधरी



सुनील वशिष्ठ | राजेश बंसल | विवेक तोमर | सोनी कैलाश ठाकरे | संजीव शर्मा



वीरपाल सिंह | केशव सिंह | धर्मेंद्र कुमार | कांती त्यागी | कुलदीप चौधरी



तरुण सोनी | नीरज शर्मा | सुभाष तोमर | मोहन नेगी | पिंटू चौधरी



मुकेश शर्मा | दीपक प्रधान | राजीव कुमार | शैलेन्द्र शर्मा | सुरेश कुमार पांडे



संजय रावत | अनिल शर्मा | प्रवीण वर्मा



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# पश्चिम एशिया संकट के बाद भी काबू में रहेंगी तेल की कीमत



**नई दिल्ली।** वैश्विक अस्थिरता के बावजूद वित्त वर्ष 2026 में कच्चे तेल की कीमतें औसतन 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहने की उम्मीद है। एमके रिचर्स की रिपोर्ट में दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार तेल बाजार में बुनियादी रूप से अच्छी आपूर्ति बनी हुई है। साथ ही ओपेक और गैर ओपेक दोनो देशों के उत्पादन स्तर में वृद्धि हो रही है। युद्ध विराम से कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ सकती है – एमके रिपोर्ट इसमें कहा गया कि 13 जून को इस्राइल ने जब ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था तब शुरूआत में 12–13 प्रतिशत की तेज उछाल आई थी। इसके बाद कच्चे तेल की कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल के करिब पहुंच गई थी। लेकिन इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से लगातार हमलों के बावजूद, कीमतें 75 डॉलर प्रति बैरल के आसपास स्थिर हैं। युद्ध विराम से ब्रेंट की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे आ सकती हैं। हेडलाइन मुद्रास्फीति में आई गिरावट लेकिन कोर मुद्रास्फीति बढ़ी मई 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित हेडलाइन मुद्रास्फीति घटकर 2.8 फीसदी पर आ गई।

# तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का हुआ अनावरण, सीरीज जीतने वाले कप्तान को मिलेगा पटौदी मेडल



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज अब तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के लिए खेली जाएगी। इससे पहले इस सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। गुरुवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के अनावरण की घोषणा की। बोर्ड ने बताया कि पटौदी की विरासत को कोई हानि नहीं पहुंचेगी। इस सीरीज को जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी मेडल सौंपा जाएगा।

### तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज का नाम तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी रखा जाएगा इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पदौटी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। हालांकि, अब इसका नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कर दिया गया है।

### एंडरसन-सचिन ने जताई खुशी

इस मौके पर जेम्स एंडरसन ने कहा- मेरे और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का क्षण है क्योंकि इस प्रतिष्ठित सीरीज का नाम सचिन और मेरे नाम पर रखा गया है। हमारे दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता हमेशा से ही कुछ खास रही है, जो इतिहास, तीव्रता और अविस्मरणीय क्षणों से भरपूर है। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने कहा- मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट जीवन का प्रतीक है। आप अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं और अगर चीजें गलत हो जाती हैं तो यह आपको फिर से संगठित होने, सोचने, भूलने और वापसी करने के लिए एक और दिन देता है। यह खेल का सर्वोच्च रूप है जो आपको सभी बाधाओं के बावजूद धीरज, अनुशासन और अनुकूलनशीलता सिखाता है। मैं अपनी नींव टेस्ट क्रिकेट से रखता हूं, क्योंकि इसने मुझे निराशाओं से जीत तक, आकांक्षाओं से पूर्णता तक बढ़ते देखा है।

### भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम



भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर है। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा।

# आईपीएल -2025 ने तोड़े व्युअरशिप रिकॉर्ड

## 840 बिलियन मिनट वॉचटाइम रहा, पंजाब-बेंगलुरु फाइनल सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टी-20 मैच बना





**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 ने व्युअरशिप के कई रिकॉर्ड तोड़े। इसे टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म 840 बिलियन मिनट से ज्यादा देखा गया। इतना ही नहीं, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया फाइनल मैच अब तक सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टी-20 मैच बना है।

आईपीएल के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर जियोस्टार ने गुरुवार को पिछले सीजन के आंकड़े जारी किए। इसके अनुसार, इस भारतीय लीग के 18वें सीजन का वॉच टाइम 840 बिलियन मिनट रहा। वहीं, पंजाब-बेंगलुरु फाइनल ने सभी प्लेटफॉर्म पर 31.7 बिलियन मिनट व्यूइंग टाइम हासिल किया। टीवी पर इसे 169 मिलियन लोगों ने देखा। जबकि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 892 मिलियन वीडियो व्यू और पीक समय में 55 मिलियन दर्शकों के साथ नए रिकॉर्ड बनाया।

अहमदाबाद में 3 जून को खेले गए इस मुकाबले में बेंगलुरु ने पंजाब को 6 रन से हराया था। आरसीबी की टीम ने पहली बार आईपीएल टाइटल अपने नाम किया था। जियोस्टार के स्पोर्ट्स और लाइव एक्सपीरियंस के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा- 'व्युअरशिप के नंबर्स फैंस के प्रति हमारा कमेंटमेंट दिखाते हैं।'

लाइव में डिजिटल व्युअरशिप 29% बढ़ी, टीवी में 49% पिछले साल की तुलना में डिजिटल व्यूइंग में 29 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की। इसने 23.1 बिलियन से ज्यादा व्यूज और 384.6 बिलियन मिनट वॉच-टाइम हासिल किया। वहीं, लीग की कनेक्ट टीवी ग्रोथ 49% रही। स्टार स्पोर्ट्स ने 456 बिलियन मिनट वॉच-टाइम हासिल किया।

भारत-पाकिस्तान तनाव से स्थगित, व्युअरशिप नहीं घटी भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण आईपीएल को एक हफ्ते के लिए स्थगित करना पड़ा था, लेकिन इसकी व्युअरशिप में कमी नहीं आई। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद भी फैंस आईपीएल मैच देखते रहे। फर्स्ट वीकएंड में इसे 49.5 बिलियन मिनट तक दर्शकों ने इसे देखा, जो आईपीएल के शुरूआती वीकएंड के लिए एक नया रिकॉर्ड है।

# सत्र के पहले खिताब पर होंगी नीरज की नजरें, पेरिस डायमंड लीग में मिलेगी वेबर-एंडरसन से चुनौती



**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होंगी जब उनका सामना शुक्रवार को पेरिस डायमंड लीग में जूलियन वेबर से होगा। 90 मीटर की बाधा पार कर चुके नीरज की टक्कर डायमंड लीग के दूसरे चरण में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से भी होगी। भाला फेंक स्पर्धा में कुल आठ दावेदार होंगे जिनमें पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं।

### 'दोहा डायमंड लीग में वेबर ने दी थी चोपड़ा को मात

वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्षीय वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86.12 मीटर और चोपड़ा ने 84.14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे। पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिये पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने रजत पदक जीता था। आखिरी बार उन्होंने 2017 में पेरिस डायमंड लीग में जूनियर विश्व चैम्पियन के तौर पर खेलकर पांचवां स्थान हासिल किया था।

### पेरिस डायमंड लीग के बाद इन लीग में भाग लेंगे नीरज

चोपड़ा और वेबर के अलावा पीटर्स भी 2022 में 90 मीटर की बाधा पार कर चुके हैं। कीनिया के 2015 विश्व चैम्पियन जूलियस येगो और त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता केशोर्न वालकॉट भी 90 मीटर क्लब में शामिल हैं जिन्होंने 2015 में यह कारनामा किया था। इनके अलावा पेरिस डायमंड लीग में ब्राजील के लुईज मौरिशियो डा सिल्वा, मोलडोवा के एड्रियन मारडारे और फ्रांस के रेमी रूजेटे भी भाग लेंगे। पेरिस डायमंड लीग के बाद चोपड़ा 24 जून से चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे। इसके बाद पांच जुलाई को बेंगलुरू में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलेंगे।

# जेमिमा रोड्रिग्स डब्ल्यूबीबीएल में रहेंगी ब्रिसबेन हीट का हिस्सा

## ड्रॉफ्ट में टीम ने रिटेन किया




**नई दिल्ली।** महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) ड्राफ्ट के दौरान आठ फ्रेंचाइजी ने कुल 23 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है जिसमें ब्रिसबेन हीट ने भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को रिटेन किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने विज्ञप्ति में कहा कि मध्यक्रम की बल्लेबाज रोड्रिग्स ब्रिसबेन में प्रशंसकों की पसंदीदा हैं जिससे ब्रिसबेन हीट फ्रेंचाइजी ने उन्हें वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी और दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क के साथ रिटेन (बरकरार रखा) किया है। 15 भारतीय खिलाड़ियों ने किया पंजीकरण

भारत की कुल 15 महिला खिलाड़ियों ने डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के 10वें सत्र से पहले खुद को पंजीकृत किया था। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू, दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल और इंग्लैंड की पूर्व कप्तान हीथर नाइट को सिडनी थंडर ने चुना है। न्यूजीलैंड की अनुभवी सोफी डिवाइन, इंग्लैंड की पैगे स्कोल्फील्ड और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्रायोन पर्थ स्कॉर्चर्स में शामिल हुईं। इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट, डैनी वाट और लिंसी स्मिथ को होबार्ट हरिकेंस ने जबकि मेलबर्न रेनेगेड्स ने वेस्टइंडीज की डायंड्रा डोटिन और इंग्लैंड की एलिस कैप्से को शामिल किया।

### सिडनी सिक्सर्स के लिए खेलेंगी अमेलिया केर

इंग्लैंड की सोफिया डंकले और मैडी विलियर्स की जोड़ी के साथ न्यूजीलैंड की स्टार अमेलिया केर को सिडनी सिक्सर्स ने शामिल किया है जबकि एडिलेड स्ट्राइकर्स ने इंग्लिश स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और विकेटकीपर-बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट के साथ दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट को चुना। मेलबर्न स्टार्स ने इंग्लैंड की दो और खिलाड़ी विकेटकीपर-बल्लेबाज एमी जोन्स और डेनी गिब्सन को चुना। मेलबर्न स्टार्स ने भारत की रोड्रिग्स में भी दिलचस्पी दिखाई थी। फ्रेंचाइजी ने दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने काप को शामिल किया।

# 19 साल की दिव्या देशमुख ने वर्ल्ड नंबर-1 को हराया, पीएम मोदी ने तारीफ की



**नई दिल्ली।** 19 साल की दिव्या देशमुख ने दिव्या देशमुख ने सोमवार को वर्ल्ड टीम रैपिड और ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर-1 चेस प्लेयर हौ यिफान को हराया। जूनियर कैटेगरी की वर्ल्ड नंबर-1 दिव्या ने चीन की यिफान को हराते हुए वर्ल्ड टीम रैपिड और ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में 3 मेडल जीते। इनमें रैपिडचेस का सिल्वर और ब्लिट्ज का ब्रॉन्ज मेडल शामिल है।

दिव्या की इस अचीवमेंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी है। ढट मोदी ने सोशल प्लेटफार्म पर लिखा-'लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दशार्ती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'

यिफान को दूसरे चरण में हराया लंदन में समाप्त हुए फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चेस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में नागपुर की दिव्या का सामना यिफान से हुआ। यह मुकाबला शतरंज के सबसे तेज प्रारूप में था, जो हाल ही में वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश के बीच खेले गए क्लासिकल गेम की तरह रोमांचक था।

दिव्या ने हेम्साइमाइंड चेस क्लब के लिए खेलीं यिफान ने हफचेस टीम का प्रतिनिधित्व किया, जबकि दिव्या हेक्सामाइंड चेस क्लब के लिए खेलीं। पहले चरण में यिफान ने दिव्या को हरा दिया था, लेकिन दूसरे चरण में दिव्या ने शानदार वापसी की। सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने शुरूआती बढ़त का फायदा उठाया और तेजी से चालें चलाकर समय पर नियंत्रण हासिल किया। ब्लिट्ज में बॉन्ज और रैपिड में सिल्वर मेडल वहीं 19 साल की दिव्या ने ब्लिट्ज में बॉन्ज और रैपिड में सिल्वर मेडल जीता। वहीं, इंडिविजुअल में उन्हें रैपिड में सिल्वर, ब्लिट्ज में ब्रॉन्ज मेडल मिला। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, वर्ल्ड रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप खत्म! टीम ने रैपिड में दूसरा और ब्लिट्ज में तीसरा स्थान हासिल किया।

दिव्या की होऊ के खिलाफ पहली जीत दिव्या की होउ यिफान के खिलाफ पहली जीत थी। 15 जून को लंदन के नोवोटेल वेस्ट में हुए इस मुकाबले में दिव्या की खेली की काफी सराहना हो रही है।

# कोहली के रिटायरमेंट के बाद नंबर-4 पर बैटिंग करेंगे गिल

## हेंडिग्ले टेस्ट से पहले पंत ने कन्फर्म किया; कहा- मैं नंबर-5 पर खेलूंगा।

**- टेस्ट क्रिकेट में नंबर-4 की पोजिशन सबसे अहम है। पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा।**



**मुंबई।** भारतीय टेस्ट टीम के उप कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नंबर-4 पर बल्लेबाजी करेंगे। जबकि वे खुद नंबर-5 पर खेलेंगे।

27 साल के पंत ने बुधवार को हेंडिग्ले टेस्ट से पहले कहा- 'मुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि नंबर-3 पर कौन खेलेगा, लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं 5वें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे।' 12 मई को विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद भारतीय टीम में नंबर-4 की बैटिंग पोजिशन खाली थी। इस पर कई दावेदार सामने आ रहे थे। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में नंबर-4 की पोजिशन सबसे अहम है। पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। गिल के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे पंत ने गिल के साथ अपने संबंध के सवाल पर कहा- 'मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है।'

एंडरसन-ब्रॉड का जाना राहत की बात इंग्लिश टीम जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बिना खेल रही है। इस पर पंत ने कहा- इंग्लैंड की टीम में इस जोड़ी को नहीं देखकर राहत मिली, लेकिन वे मौजूदा गेंदबाजी आक्रमण को कमतर आंकने के लिए तैयार नहीं हैं।

ऋषभ ने कहा- 'यह बहुत अच्छा लगता है, जब दोनों (एंडरसन और ब्रॉड) टीम में नहीं होते हैं। हम किसी को भी हल्के में नहीं लेना चाहते। हमारी टीम भी युवा है। वे अब भी खुद को विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें भी अपनी क्रिकेट खेलनी होगी।'

# भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में पोप को मिली जगह, बेथेल की जगह टीम में किया गया शामिल



**इंग्लैंड।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए बुधवार को अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा की जिसमें अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की मेजबान टीम के लाइन अप में वापसी हुई है। ओली पोप को जैकब बेथेल की जगह तरजीह दी गई है।

टखने की चोट के कारण पिछले दो टेस्ट से बाहर रहने वाले वोक्स को सैम कुक की जगह टीम में शामिल किया गया है जबकि गुस एटकिंसन की जगह ब्रायडन कार्स को शामिल किया गया है जो हैमस्ट्रिंग के कारण बाहर हैं। आठवें नंबर पर वोक्स को शामिल किया गया जिससे इंग्लैंड ने मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप बरकरार रखते हुए जेमी स्मिथ को सातवें नंबर पर विशेषज्ञ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में उतारने का फैसला किया। मेजबान टीम ने अनुभव को प्राथमिकता देते हुए उपकप्तान ओली पोप को तीसरे नंबर पर रखा और 21 वर्षीय बेथेल को बाहर कर दिया। शुभमन गिल की अगुवाई में टीम इंडिया ने अभी तक अपने प्लेइंग इलेवन की घोषणा नहीं की है।

# इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीता भारत

## 94 साल में 3 ही बार जीते द्रविड़ ने दिलाई आखिरी सफलता

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी टीम इंडिया फिर एक बार कोशिश के लिए तैयार है। टीम इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला 20 जून से हेडिंग्ले के लीड्स स्टेडियम में भारतीय टाइमिंग के अनुसार दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। टीम इंडिया 25 साल के युवा कप्तान शुभमन गिल की लीडरशिप में उतरेगी। वहीं इंग्लैंड की कमान 34 साल के अनुभवी ऑलराउंडर बेन स्टोक्स संभाल रहे हैं। 1932 में भारत ने इंग्लैंड के लॉर्ड्स स्टेडियम से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना सफर करियर शुरू किया, लेकिन टीम यहां 94 साल में 3 ही टेस्ट सीरीज जीत सकी।



### पहले टेस्ट में 158 रन से हारी थी टीम इंडिया

भारत ने अपना क्रिकेट सफर 1932 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेल कर ही शुरू किया। कर्नल सीके नायडू ने मुकाबले में भारत की कप्तानी की। हालांकि, टीम को लॉर्ड्स स्टेडियम में 4 दिन चले मुकाबले में 158 रन से हार का सामना करना पड़ गया।

1932 से 2025 तक 94 साल में टीम इंडिया ने इंग्लैंड में 19 टेस्ट सीरीज खेलीं। भारत ने 3 जीतीं, जबकि 2 ड्रॉ खेलीं। वहीं 14 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। इंग्लिश कंडीशंस में इंग्लैंड के खिलाफ भारत महज 13% टेस्ट जीत सका है।

### 1971 में पहली सीरीज जीती

भारत को इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने में 39 साल लग गए। 1971 में टीम इंडिया ने अजीत वाडेकर की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज के शुरूआती 2 मैच ड्रॉ कराए, वहीं आखिरी मुकाबले को जीतकर सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। भारत को इंग्लैंड में पहली सीरीज जीतने से पहले 6 सीरीज गंवानी पड़ी थीं।

### 18 साल पहले आखिरी सीरीज जीत मिली

1971 के बाद भारत ने इंग्लैंड में 3 लगातार सीरीज गंवाईं, फिर कपिल देव की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज 2-0 से जीत ली। इसके बाद भारत ने 2002 में सौरव गांगुली की कप्तानी में 4 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ खेली, फिर 2007 में अगली ही सीरीज राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीत ली।

2007 में जीत के बाद भारत को एमएस धोनी की कप्तानी में लगातार 2 सीरीज गंवानी पड़ीं। 2018 में विराट कोहली की लीडरशिप में भी टीम हार गई, लेकिन 2021 में कोहली ने ही 5 टेस्ट की सीरीज में 2-1 की बढ़त दिला दी। कोरोना महामारी के कारण सीरीज का आखिरी मुकाबला अगले साल खेला गया, लेकिन तब तक कोहली ने कप्तानी छोड़ दी। जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में भारत ने आखिरी टेस्ट खेला, लेकिन टीम हार गई और सीरीज 2-2 से ड्रॉ हो गई।

### इंग्लैंड में भारत की सीरीज जीत और ड्रॉ

| कब | नतीजा | भारतीय कप्तान |
|---|---|---|
| 1971 | 1-0 से जीते | अजीत वाडेकर |
| 1986 | 2-0 से जीते | कपिल देव |
| 2002 | 1-1 से ड्रॉ | सौरव गांगुली |
| 2007 | 1-0 से जीते | राहुल द्रविड़ |
| 2021 | 2-2 से ड्रॉ | विराट कोहली |

### इंग्लैंड में भारत के टॉप प्लेयर्स

| | | |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर बैटर | 17 टेस्ट | 1517 रन |
| राहुल द्रविड़ बैटर | 13 टेस्ट | 1376 रन |
| ईशांत शर्मा बॉलर | 15 टेस्ट | 51 विकेट |
| कपिल देव बॉलर | 13 टेस्ट | 43 विकेट |

### कप्तान कोहली ने सबसे ज्यादा टेस्ट जिताए

इंग्लैंड में भारत को सबसे ज्यादा टेस्ट जिताने वाले कप्तानों में विराट कोहली 3 जीत के साथ टॉप पर हैं। उनके बाद कपिल देव ने 2 मुकाबले जिताए। वहीं 4 अलग-अलग कप्तानों के नाम 1-1 जीत रहीं। भारत ने इंग्लैंड में 9 ही मैच जीते, लेकिन टीम ने यहां 22 टेस्ट ड्रॉ भी कराए हैं।

### तेंदुलकर इंग्लैंड में भारत के टॉप स्कोरर

इंग्लैंड में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर ने बनाए। उनके नाम 17 मुकाबलों में 4 सेंचुरी और 8 फिफ्टी के सहारे 1575 रन रहे। बॉलर्स में तेंज गेंदबाज ईशांत शर्मा टॉप पर रहे, जिन्होंने 15 ही मुकाबलों में 51 विकेट झटक लिए। हालांकि, सचिन 12 साल पहले संन्यास ले चुके हैं, वहीं ईशांत को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। इंग्लैंड में भारत ने बहुत ही युवा टीम भेजी है। रवि अश्विन, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर प्लेयर संन्यास ले चुके हैं। 36 साल के रवींद्र जडेजा सबसे अनुभवी हैं, उन्हीं के नाम इंग्लैंड में मौजूदा स्क्वॉड में सबसे ज्यादा 642 रन हैं। उन्होंने यहां 27 विकेट भी लिए हैं।

जडेजा के अलावा मौजूदा स्क्वॉड से केएल राहुल और ऋषभ पंत इंग्लैंड में 2-2 शतक लगा चुके हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह के नाम सबसे ज्यादा 31 विकेट हैं। हालांकि, उनका सभी मुकाबले खेलना मुश्किल है। वे 3 ही टेस्ट खेलेंगे। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इंग्लैंड के जो रूट इस सीरीज में भी खेलते नजर आएंगे। उन्होंने टीम इंडिया के खिलाफ 10 सेंचुरी और 11 फिफ्टी लगाकर 2846 रन बनाए हैं। इतना ही नहीं, उनके नाम भारत के खिलाफ 19 विकेट भी हैं। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स 40 विकेट लेकर फिलहाल भारत के खिलाफ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं।

# गाजियाबाद में जमकर गरजा जीडीए का बुलडोजर

## चंद घंटों में तोड़ी गई कई दुकानें, पुलिस बल रहा तैनात



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने पुलिसबल के साथ शाहपुर बम्हैटा में अवैध दुकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान निर्माणकर्ता दुकान मालिकों व स्थानीय लोगों ने जीडीए की कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा किया, लेकिन पुलिसबल ने उन्हें मौके से खदेड़ दिया।

### 18 अवैध दुकानों को किया ध्वस्त

बुधवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने शाहपुर बम्हैटा में खसरा संख्या 735 व 736 में लगभग 400 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाई गई 18 अवैध दुकानों को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया। इस दौरान जीडीए कर्मचारी, सचल दस्ता, और स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा। बता दें कि जीडीए अपने सभी जोन में अवैध निर्माण पर कार्रवाई कर रहा है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से अपील की गई कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखंडों की खरीद-फरोख्त न करें।

### काम में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की मांग

उधर, जीडीए में सेवानिवृत कर्मचारियों के के देयक का भुगतान न होने पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की गाजियाबाद शाखा के अध्यक्ष ने जीडीए उपाध्यक्ष को पत्र लिखा है। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। अध्यक्ष देवब्रत चौधरी ने बताया कि जीडीए से वरिष्ठ सहायक प्रभात कुमार, बलदेव, कनिष्ठ लिपिक मंजू त्यागी 31 मई को सेवानिवृत हुए हैं।

उधर, जीडीए में सेवानिवृत कर्मचारियों के के देयक का भुगतान न होने पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की गाजियाबाद शाखा के अध्यक्ष ने जीडीए उपाध्यक्ष को पत्र लिखा है। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। अध्यक्ष देवब्रत चौधरी ने बताया कि जीडीए से वरिष्ठ सहायक प्रभात कुमार, बलदेव, कनिष्ठ लिपिक मंजू त्यागी 31 मई को सेवानिवृत हुए हैं। नियम के तहत उनको सेवानिवृत होने के अगले दिन सभी देयक का भुगतान होना चाहिए था, लेकिन अब तक ऐसा नहीं किया गया है। जीडीए के अधिकारी सेवानिवृत कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं।

# जीडीए ने प्रवर्तन जोन-6 में अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध की सीलिंग की कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण पर कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में 19 जून 2025 को प्रभारी प्रवर्तन जोन-6 के नेतृत्व में इन्दिरापुरम योजना में अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई की गई, जिसमें श्याम सुन्दर एवं सुनीता त्यागी, द्वारा भूखण्ड संख्या शक्तिखण्ड-3,/248 इन्दिरापुरम, गिरिजा कृष्ण, भूखण्ड संख्या शक्तिखण्ड-3/321 इन्दिरापुरम, सज्जाद अहमद, भूखण्ड संख्या शक्तिखण्ड-3/331 इन्दिरापुरम, निशान्त जैन, भूखण्ड संख्या शक्तिखण्ड-3/332 इन्दिरापुरम, सौरभ गुप्ता, भूखण्ड संख्या शक्तिखण्ड-3/340 इन्दिरापुरम, शोभा सिन्हा, भूखण्ड संख्या-85, सेक्टर-6, वैशाली, एवं उर्वशी अग्रवाल पत्नी अशोक कुमार अग्रवाल, भूखण्ड संख्या-डी-35, कौशाम्बी, गाजियाबाद द्वारा किसये गये अवैध निर्माणों को विधिवत सील बन्द किया गया, सीलिंग की कार्रवाई के समय स्थानीय










विकासकर्ताओं/ निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियन्त्रित कर सीलिंग की कार्रवाई जारी रखी गयी।

प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-6 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित किये जा रहे निर्माणों के विरुद्ध सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-6 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में सीलिंग की कार्रवाई सम्पन्न की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।




### इस बार मंडल प्रभारी बन कर नहीं आयेंगे क्षेत्रीय टीम के पदाधिकारी

बदल रही है जिंदगी और बदल रहे हैं हम, वाले सीन के साथ भाजपा में बहुत कुछ बदल रहा है। सीन ये चल रहा है कि रिपीट वाला मामला तो बन ही नहीं रहा। जो कमांडर का नजदीक है, समझ लो वो ताजपोशी से उतना ही दूर है। इस बार वो क्षेत्र वाले भी नजर नहीं आयेंगे जो पिछली बार किसी ना किसी बहाने से मंडलों के प्रभारी बन कर आ गये थे। कश्मीर वाली मैडम से लेकर चुनाव प्रबंधन वाले इस बार मंडल के प्रभारी नहीं बनने जा रहे हैं। फूल वाले बता रहे हैं कि इस बार मंडलों के प्रभारी वाली जिम्मेदारी की ताज महानगर की टीम के पदाधिकारियों के सर पर आयेगा। इस बार क्षेत्रीय टीम की किसी भी मोर्चे का कोई भी पदाधिकारी मंडल में प्रभारी नहीं बनेगा और यहां पर जो बात सबसे काबिल-ए-गौर है वो ये है कि अगर तुम भगवा कमांडर के नजदीक हो तो फिर ये मान लो कि भगवा योद्धा की निगाह में तुम उतने ही वीक हो।

### विधायक जी की विधानसभा के तीन मंडलों पर होने जा रहा है ईलाज

विधायक जी का अंदाज ऐसा है कि वो सबके हो जाते हैं। लेकिन संगठन वालों का मिजाज बिल्कुल भी ऐसा नहीं है। वो ऐसे फूल वाले हैं जिनके लिए रूल इज रूल है। सुना है कि वफादारी के पतनाले रोकने के लिए अब ईलाज तलाशा गया है। नदिया के उस पार तो दस के दस पूरी तरह से अपने वाले पोलिटिक्ल आका के बस में है। लेकिन इधर वाले पद तो संगठन से ले रहे हैं और गीत विधायक जी के गा रहे हैं। मंडल वालों के ये वफादारी के पतनाले संगठन वालों को कतई पसंद नहीं आ रहे हैं। सुना है कि ईलाज की तैयारी हो गई है और तीन मंडलों में मंडल अध्यक्षों के ऊपर मंडल संयोजक लाने की तैयारी हो गई है। तीन वाला सीन ऐसे बनेगा कि तीन दिन के भीतर तीन मंडलों में तीन मंडल संयोजक आ जायेंगे। ये मंडल संयोजक एक तरह से मंडल अध्यक्षों की मॉनीटरिंग करेंगे। कुल मिलाकर सार ये है कि मंडल संयोजक लाये ही इसलिए जायेंगे क्योंकि उन्हें लाकर मंडल अध्यक्षों को साईड लाईन लगाने का सीन तैयार होगा।

### वो मंडल है ऐसा जिसमें भगवा दंगल के सारे पहलवान मौजूद हैं

फूल वालों के यहां बूथ मंडल की सेटिंग ही इसलिए की गई है कि 2027 के चुनावी रण की तैयारी हो सके। सारे भगवा सैनिक मिलकर योद्धाभ्यास कर सके। मगर ये मंडल ऐसा है जहां फ्लावर वालों का फायर एक दूसरे के प्रति निकल रहा है। कभी यहां मौजूदा मंडल और पूर्व मंडल के बीच जुबानी जंग का सीन हो जाता है। कभी ऐसा होता है कि विधायक जी के आने से पहले मंडल अध्यक्ष तिरंगा यात्रा लेकर मूव हो जाते हैं। कभी फूल वालों के ग्रुप से ही पूर्व मंडल अध्यक्ष रिमूव हो जाते हैं। महानगर टीम के पदाधिकारी आगे बढ़कर रामलीला के काम की जिम्मेदारी पकड़ लेते हैं। कभी मौहल्ले के भगवा पार्षद ही महानगर की टीम के पदाधिकारी की रामलीला वाली ताजपोशी को फर्जी बताते हैं। इसी बीच मौहल्ले वाले बताते हैं कि इस सारी भगवा आग को लगा भी तो भाजपा के ही एक पूर्व पार्षद रहे हैं। सुना है कि पूर्व पार्षद के पिता जी भी मामले को पूरी हवा दे रहे हैं। पुराने भाजपाई ने सिर्फ इतना कहा कि जब हमें मौहल्ले में घूम कर 11 साल की उपलब्धियां बतानी है तब हमारे क्षेत्र के ये भगवा वीर एक दूसरे पर तीर चलाने का कोई मौका नहीं चूक रहे। अजी आप प्रधानमंत्री के 11 साल की उपलब्धियों को छोड़ो और इन्हें सिर्फ 11 मिनट दे दो तो ये आपस में एक दूसरे के 11 महीनों का ऐसा रिपोर्ट कार्ड देंगे कि आप भी दंग रह जायेंगे कि ऐसी बदल गई है भाजपा।

# तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित रोजगार शिविर में गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं ने की शिरकत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस पर दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में विराट रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गाजियाबाद से भी बडी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। गाजियाबाद युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी के नेतृत्व में गाजियाबाद से हजारों युवाओं ने इस कैंप में भाग लिया और विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन किए।

आसिफ सैफी ने कहा कि इस रोजगार मेले का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करना था। युवा कांग्रेस हमेशा देश के युवाओं की समस्याओं को प्राथमिकता देती है और रोजगार जैसी अहम जरूरतों को लेकर संकल्पित है। उन्होंने बताया कि भविष्य में ऐसे और भी शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव इमरान मलिक, जिला उपाध्यक्ष अक्षय शर्मा, कासिफ खान, औरैया जिला अध्यक्ष आशिष यादव, हर्ष सिंह, जाकिर, विकास शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस महानगर कार्यालय में केक काटकर मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

### - राहुल गांधी के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अमेठी के सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। महानगर कमेटी के कंपनी बाग स्थित कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने केक काट कर और एक दूसरे को बधाई देकर जन्मदिन मनाया

इस मौके पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पदाधिकारी व कार्यकताओं ने राहुल गांधी के विचारों को लोगों तक ले जाने का संकल्प लिया। महानगर कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी एवं राजकुमार पंडित के साथ वीर सिंह जाटव ने अपने वरिष्ठ कांग्रेसियों संग केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यकताओं ने राहुल गांधी के उज्जवल भविष्य और दीघार्यु सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने की और मंच का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी बाबूराम शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में एडवोकेट कमलेश कुमारी को उनके डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी, गाजियाबाद (रजिस्टर्ड) की अध्यक्ष निर्विरोध नियुक्त किए जाने पर बधाई दी गई। महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कमलेश कुमारी को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए यह गर्व की बात है कि पार्टी की एक कार्यकर्ता को बाबा साहेब से जुडी समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इससे बाबा साहेब के सिद्धांतों को कार्यकताओं तक पहुंचाने में सहयोग मिलेगा। दलित समाज के और भी कार्यकर्ता पार्टी के साथ जुडेंगे। राहुल जिन्दाबाद, प्रियंका गांधी और मलिकार्जुन खरगे और कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद के नारे से सारा महानगर कार्यालय गूंज गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष वीर सिंह जाटव पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व प्रदेश महासचिव विजेंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी और पूर्व महानगर अध्यक्ष वी के अग्निहोत्री, प्रदेश सचिव सेवादल प्रेम प्रकाश चीनी, पूर्व मेयर प्रत्याशी पुष्पा रावत, वरिष्ठ कांग्रेसी राजाराम भारती, त्रिलोक सिंह, विकास शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव पंकज तेजानिया, तरुण रावत, सूर्यकांत, एडवोकेट चन्द्रपाल, पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम, अशोक कुमार शर्मा, आशीष प्रेमी, गोपाल भाटी, रिंकू माथुर, रविकांत सूर्या, सविता गौतम, एडवोकेट कमलेश कुमारी, एडवोकेट दीप्ति शर्मा, पूजा चड्डा, खुशनुमा परवीन, सुरेंद्र शर्मा, हरपाल सिंह, बबली भारती, राजन चितौड़िया, सुनील गौतम, एडवोकेट राजेश, समसुद्दीन सैफी, मनजीत सिंह, जितेंद्रपाल सिंह, चरणजीत सिंह, जेपी सिंह, श्री चंद दिवाकर विनोद शर्मा, विक्रांत चौधरी महेंद्र कुमार, उदय पाल सिंह, राकेश कुमार, समेत बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मकान का छज्जा गिरने से एक की मौत

शालीमार गार्डन में फेरी लगा रहे दो बुजुर्ग मलबे में दबे, एक की हालत स्थिर

गाजियाबाद। शालीमार गार्डन स्थित डीएलएफ कॉलोनी में एक दर्दनाक हादसा सामने आया। बी-73 मकान की तीसरी मंजिल का छज्जा अचानक टूटकर नीचे गिर गया। इस हादसे में नीचे फेरी लगा रहे दो बुजुर्ग मलबे में दब गए। मलबे में दबे 60 वर्षीय सलीम पुत्र अनीस और 60 वर्षीय अय्यूब पुत्र शमशेर को स्थानीय लोगों और पुलिस ने बाहर निकाला। सलीम को एमएमजी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




## किस सर्किल में परेशान हैं थ्री और टू-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में टू- स्टार हैं। तो थ्री-स्टार भी अच्छी खासी लंबी लिस्ट के साथ मौजूद हैं। वहीं कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अलग-अलग क्षेत्र के एसीपी अधिकारी हैं तो उनकी भी अगल ही पहचान भी है। कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कई एसीपी ऐसे हैं जो नंबर वन और टॉप रैंकिंग वाली दौड़ में रहते हैं। तो कई इन दिनों अलग ही विवाद व किस्सों के बीच घिरे हुए हैं। सुनने में आ रहा है कि एक सर्किल वाले साहब की आजकल अपने ही टू और थ्री-स्टार से बन नहीं रही है। हाल यह है कि लाल इंक और कारण बताओ नोटिसों का दौर भी जारी हो चुका है। वहीं चर्चा कई और भी सुनने में आ रही हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देहात वाले एक सर्किल का मामला जमकर चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा इस बात को लेकर हो रही है कि सर्किल वाले साहब से आजकल उनके एक थ्री- स्टार और एक टू-स्टार जो थाने की कमान पर हैं, बेहद




परेशान चल रहे हैं। बताया जा रहा है कभी इलाके वाले साहब कारण बताओ नोटिस जारी करते हैं और सीधे दोषी ठहरा देते हैं। तो कभी वह अपने ही अधीनस्थों के काम पर सीधे सवाल उठा रहे हैं। इसके साथ ही इलाके वाले साहब का कड़क अंदाज और उनकी बोली को लेकर कई तरीके की बातें सुनने को मिल रही हैं। उधर उनके इलाके वाले कुछ भगवा गमछा डालने वाले भी उनसे खफा-खफा से नजर आ रहे हैं। साथ ही सूत्र बता रहे हैं कि साहब ने एक टू-स्टार को अब तक कई कारण बताओ नोटिस जारी किये हुए हैं। तो वही सर्किल वाले इंस्पेक्टर भी ठीक से तालमेल नहीं बैठा पा रहे हैं। बताया जा रहा है कहीं अत्यधिक शक वाली स्थिति हुई है। तो कहीं संवाद प्रॉपर नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से एक सर्किल में मामला थोड़ा खराब वाला चल रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि पिछले दिनों एक भगवा नेता जी ने पुलिस वाले मुख्य ऑफिस में साहब से मुलाकात की है। उस मुलाकात के बाद तो इन सर्किल वाले साहब को लेकर कई और शिकायत भी पहुंचने की जानकारी हैं। देखना होगा शिकायतों और तालमेल न होने का अंत में नुकसान किसका होता है। कार्रवाई सर्किल वालों पर होती है या थाने वाले ही बदले जाते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि देहात और सिटी को लेकर कुछ बड़ा होने के संकेत भी धीरे-धीरे मिल रहे हैं।

## मोदी सरकार के 11 साल का कार्यकाल भारत के विकास के लिए अद्भुत : महेन्द्र यादव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा महेंद्र यादव ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल भारत के विकास के लिए अद्भुत रहा है। इन 11 सालों में मोदी ने सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए अद्भुत कार्य किए हैं। 2014 से पहले महिलाओं को निम्न समझा जाता था लेकिन 2014 के बाद मोदी सरकार ने महिला शक्ति के लिए आश्चर्यजनक काम किया है जिससे महिलाएं सशक्त हुई हैं। आज सेना में भी देश की बेटियां उच्च अधिकारी के पद पर हैं। सामाजिक दृष्टि से जो भी पिछड़े हैं उनके लिए मोदी सरकार ने विकास के द्वारा खोले हैं। आज मोदी सरकार के सफल कार्य से नए भारत के दर्शन हो रहे हैं। 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था चौथे नंबर पर है। भारत का निर्यात भी काफी बड़ा है। इंफ्रास्ट्रक्चर में अद्भुत काम हुए हैं। 2014 से पहले भारत में 11 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से रोड़ो का निर्माण होता था लेकिन आज यही निर्माण 35 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से हो रहा है मोदी ने गेम चेंजर काम किए हैं। आज देश में 160 एयरपोर्ट हैं मोदी सरकार के विकास को आज पूरा भारत सलाम कर रहा है।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे पर गोविंदपुरम मंडल में किया गया बैठक का आयोजन

### राष्ट्रीय सुरक्षा, ऑपरेशन सिंदूर और गरीब कल्याण योजनाओं से मोदी में विश्वास हुआ मजबूत : अश्विनी शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने और इन सालों में देश के विकास और जनता की भलाई के लिए किये गये कामों का लेखा-जोखा देने के उद्देश्य से गोविंदपुरम मंडल में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता अश्विनी शर्मा ने कार्यकर्ताओं से वार्ता की।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण, नेशन फर्स्ट, नेशनल सिक्योरिटी, समावेशी विकास आदि पर जोर देने के साथ ही युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की आत्मा यानी गरीबों को सबसे ऊपर रखा। बिजली, पानी, शौचालय आदि अब सिर्फ आंकड़े नहीं बल्कि हकीकत में पूरे देश में नजर आते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 11 सालों के कार्यकाल को बेमिसाल बताते हुए कहा कि किसान और नारी शक्ति, देश की सुरक्षा और विदेश नीति, ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद से देश के लोगों का विश्वास सरकार में मजबूत हुआ है। इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिला कर 11 साल के सफर पर एक पत्रक भी बांटा गया, जिसका शीर्षक है, 'विकसित भारत का अमृत कालः सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल'।

बैठक में गोविंदपुरम मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा की गई आशा के अनुरूप काम करने और इन योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। बैठक में सेक्टर के सभी बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। जिसमें सविता त्यागी, आशीष शर्मा, सुनील पाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने 10 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का किया उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** झंडापुर वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने गुरुवार को महाराजपुर गांव में 10 लाख से बनने वाली सड़क का उद्घाटन किया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने गांववासियों से कहा कि वे आपके वार्ड में जो भी जनसमस्याएं हैं, उन्हें दुरुस्त किया जाएगा। जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार होगा, ताकि लोगों को आवागमन में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि लगातार सफाई व्यवस्था भी कराई जाती है। इस अवसर पर मनोज डागर, राजपाल, बलवीर सिंह, करतार सिंह, संशरदास, राजकुमार, देवेंद्र, पुनीत कुमार, संजय कुमार, प्रमोद गुप्ता, सुनील कुमार, अनिल कुमार, लकी त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# राहुल गांधी का जन्मदिन घरौंदा बाल आश्रम (पंचशील) के बच्चों संग मनाया







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट खुशनुमा जी ने कांग्रेस के जननायक राहुल गांधी का जन्मदिन गाज़ियाबाद के घरौंदा बाल आश्रम में मासूम बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों को मिठाई, खाने-पीने का सामान, कपड़े और शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस सेवा कार्य में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रतिनिधि पूजा चड्ढा जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। दोनों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से राहुल गांधी जी के ₹भारत जोड़ो₹ और नफरत छोड़ो, मोहब्बत जोड़ो संदेश को समाज के निचले तबके तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लाम्बा जी और प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती भारती त्यागी जी के नेतृत्व को भी सराहा गया, जिनके मार्गदर्शन में महिला कांग्रेस समाज सेवा के कार्यों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रही है।

# 21 जून को योग दिवस पर जीडीए करेगा योग मेले का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व योग दिवस पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा 21 जून को विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में योग का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा-निर्देशन में दो प्रमुख स्थलों पर योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। जीडीए कार्यालय परिसर, मधुबन बापूधाम योजना के गोल चक्कर पार्क मे योग कार्यक्रम सुबह 6:00 से 8:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें योगाचार्यों द्वारा विशेष योग अभ्यास सत्र संचालित किए जाएंगे। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने क्षेत्रीय आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा योग के महत्व को व्यापक स्तर पर प्रसारित करना है।

## मुरादनगर देहात मंडल के ग्राम पुरसी में ग्राम चौपाल का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में मोदी सरकार के सेवा, सुशासन के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर मुरादनगर देहात मंडल के ग्राम पुरसी में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता गोपाल अग्रवाल महानगर महामंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नीरपाल, मंडल अध्यक्ष विपिन चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष सुनीत त्यागी, सचिन शर्मा, सुशील शर्मा, धर्मवीर शर्मा आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक एडवोकेट ने प्रवास के दौरान की बैठक, गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कवि नगर मंडल के सेक्टर 12 बूथ संख्या 476 पर प्रवास कर मोदी जी के 11 साल बेमिसाल के उपलक्ष में एक मीटिंग सेक्टर संयोजक धर्मपाल जी के सानिध्य में बूथ अध्यक्ष सुनील कुमार पाल के निवास स्थान पर हुई। इस दौरान ओम दत्त कौशिक ने बताया कि मोदी ने इन 11 सालों में देश के अंदर इतना विकास किया है जो पिछले 70 सालों में हुआ। मोदी के दृढ़ संकल्प से धारा 370, ट्रिपल तलाक, राम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर देश हर रोज 14 से 15 किलोमीटर सड़क बनना



और विदेश में भारत का बढ़ता दबदबा, यह मोदी के द्वारा ही संभव हो पाया। इस अवसर पर कर्मवीर सिंह, अशोक राव, कुंवरपाल चौधरी, सोनू प्रजापति, अभिषेक त्यागी, रवि सिंह, बबली चौधरी, सतेंद्र चौधरी, निलेश मिश्रा, महावीर पाल, दीपक आदि देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इजराइल बोला: खामेनेई मॉडर्न हिटलर, उन्हें जीने का हक नहीं

## ईरान ने अस्पताल पर मिसाइलें दागीं, 176 घायल, इजराइली हमले में 639 ईरानियों की मौत

**ईरान ने इजराइल में बीर्शेबा शहर पर मिसाइलें दागीं। इसमें से एक सोरोका हॉस्पिटल पर गिरी, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई**





**तेहराइन।** इजराइल ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को मॉडर्न हिटलर कहा है। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि खामेनेई मॉडर्न हिटलर हैं। उनके जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिए इजराइल को खत्म करना चाहा है।

ईरान ने इजराइल के चार शहरों तेल अवीव, बीशेर्बा, रमत गण और होलोन पर 30 मिसाइलें दागीं। इनमें 7 मिसाइलों को इजराइली डिफेंस सिस्टम रोकने में नाकामयाब रहा। इसमें 176 लोग घायल हुए हैं। 6 लोगों की हालत गंभीर है।

बीशेर्बा में एक अस्पताल सोरोका मेडिकल सेंटर पर मिसाइल गिरी। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान जानबूझकर इजराइली नागरिकों और अस्पतालों को निशाना बना रहा है। हम तेहरान में बैठे अत्याचारियों से इसकी पूरी कीमत वसूलेंगे। ईरान और इजराइल के बीच जंग सातवें दिन में पहुंच गई है। अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं। इजराइल ने भी ईरान में अराक हैवी वॉटर रिएक्टर पर हमला किया। हमले के बाद हुए नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

हमले से कुछ घंटे पहले ही इजराइली सेना ने अराक और खोंडब शहर के लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी।

अराक में हैवी वाटर रिएक्टर है। यह फैसिलिटी ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है। इसके साथ ही अराक में बड़े पैमाने पर हथियारों का उत्पादन होता है।



### ईरान के लिए अहम है अराक परमाणु रिएक्टर

- अराक हैवी वाटर परमाणु रिएक्टर तेहरान से 250 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में है। यह परमाणु रिएक्टरों को ठंडा करने में मदद करता है। साथ ही यह प्लूटोनियम का भी उत्पादन करता है। इसका परमाणु हथियारों में उपयोग किया जा सकता है। इससे ईरान को यूरेनियम के अलावा बम बनाने का एक और रास्ता मिल जाएगा।
- 2019 में ईरान ने हैवी वाटर रिएक्टर के दूसरे सर्किट को शुरू किया। उस समय ब्रिटेन प्लूटोनियम की मात्रा को सीमित करने के लिए अराक रिएक्टर को दोबारा डिजाइन करने में मदद कर रहा था। इसके बाद 2018 में ब्रिटेन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परमाणु समझौते से अमेरिका को एकतरफा वापस लेने के फैसले के बाद परियोजना से हट गया था। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने इस्राइल से ईरानी परमाणु स्थलों पर हमला न करने के लिए कहा है।

---

## कनाडा-साइप्रस-क्रोएशिया में पीएम मोदी ने दिए खास तोहफे

### भारत के आठ राज्यों से है गहरा नाता



**जाग्रेब।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा पूरी हो गई है। पीएम मोदी ने साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस से मुलाकात की। इसके बाद कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इसके बाद पीएम मोदी क्रोएशिया पहुंचे और वहां राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच और प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच से मुलाकात की। अपने दौरे पर पीएम मोदी देश के पारंपरिक उपहार लेकर गए थे। यात्रा के दौरान उन्होंने साइप्रस, कनाडा के जी-7 शिखर सम्मेलन और क्रोएशिया में जिन-जिन नेताओं से मुलाकात की, सभी को उपहार भेंट किए। आइए जानते हैं पीएम मोदी ने किस देश के नेता को कौन सा उपहार दिया और उसकी खासियत क्या है?

#### क्रोएशिया के राष्ट्रपति को भेंट किया पट्टचित्र

क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच को ओडिशा की एक पट्टचित्र पेंटिंग उपहार में दी। पट्टचित्र ओडिशा की पारंपरिक कला रूप है। यह कपड़े पर अपनी विस्तृत और रंगीन पेंटिंग के लिए जाना जाता है। इसका नाम पट्टा यानि कपड़ा और चित्र से आया है। ये कलाकृतियां आमतौर पर भारतीय पौराणिक कथाओं, खासकर भगवान कृष्ण और जगन्नाथ परंपरा से जुड़ी हैं। कलाकार बोल्ड लाइन और विस्तृत दृश्य बनाने के लिए प्राकृतिक रंगों और हस्तनिर्मित ब्रश का उपयोग करते हैं।

#### क्रोएशिया के प्रधानमंत्री को उपहार में दिया सिल्वर कैंडल स्टैंड

प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच को सिल्वर कैंडल स्टैंड उपहार में दिया। राजस्थान का यह सिल्वर कैंडल स्टैंड क्षेत्र की पारंपरिक धातु कला का सुंदर उदाहरण है। कुशल कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित और उत्कीर्णन तकनीकों का उपयोग करके बनाए गए विस्तृत पुष्प और ज्यामितीय डिजाइन हैं। इसका सुंदर आकार और बढ़िया पैटर्न इसे एक शाही और कालातीत रूप देते हैं। राजस्थान के उदयपुर और जयपुर जैसे शहर अपनी चांदी की शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध हैं। डिजाइन अक्सर महलों और मंदिरों से प्रेरित होते हैं।

---

## ब्रिटेन में भारतीय डॉक्टर को मिला लेखन का शीर्ष सम्मान

### इंडिया ग्लोबल फोरम में किया गया सम्मानित



**लंदन।** अवार्ड मिलने पर डॉ. शालिनी ने कहा कि बतौर एक लेखक मैं पूरी तरह से निशब्द और बेहद खुश हूं। डॉ. शालिनी ने कहा कि इस अवार्ड से अब उन्हें दूसरी किताब लिखने की भी प्रेरणा मिलेगी।

ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिजा नंदी ने भारतीय डॉक्टर शालिनी मलिक को आईजीएफ आर्चर-अमीश अवार्ड से सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ लेखन के लिए यह अवार्ड दिया जाता है, जो ब्रिटेन और भारत के मशहूर लेखकों लॉर्ड जेफ्री आर्चर और अमीश त्रिपाठी के नाम पर बना है। इस अवार्ड के तहत डॉ. शालिनी मलिक को 25 हजार डॉलर की इनामी राशि मिली।

#### इंडिया ग्लोबल फोरम में दिया गया अवार्ड

डॉ. शालिनी मलिक को यह अवार्ड उनके उपन्यास 'द वे होम' के लिए दिया गया। इस उपन्यास में तीन युवाओं की कहानी है, जो गोवा में शरण लेते हैं और अपने निजी दुखों से जूझते हैं। इस उपन्यास को दुख, पहचान और उपचार की मार्मिक खोज के लिए सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में चुना गया। इंडिया ग्लोबल फोरम में लंदन में डॉ. शालिनी को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान ब्रिटिश मंत्री ने भारत और ब्रिटेन के सांस्कृतिक संबंधों की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के लोगों से संबंध बेहद अहम हैं।

अवार्ड मिलने पर डॉ. शालिनी ने कहा कि बतौर एक लेखक मैं पूरी तरह से निशब्द और बेहद खुश हूं। डॉ. शालिनी ने कहा कि इस अवार्ड से अब उन्हें दूसरी किताब लिखने की भी प्रेरणा मिलेगी। यह आईजीएफ आर्चर अमीश अवार्ड बीते साल ही शुरू किया गया था और डॉ. शालिनी को ही यह पहला अवार्ड मिला है।

---

## स्राइल-ईरान तनाव: रूस ने यूएस को चेताया- दखल दिया तो होंगे गंभीर नतीजे, चीन बोला- क्षेत्र में शांति प्राथमिकता



#### पुतिन और जिनपिंग ने इस्राइल के हमलों की निंदा की

इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ईरान पर इस्राइल के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अपील की कि वे राजनयिक तरीके से यह विवाद सुलझाएं और युद्ध को रोके। एएफपी ने चीनी समाचार एजेंसी के हवाले से कहा, शी जिनपिंग ने कहा, संघर्ष में शामिल पक्षों, खासकर इस्राइल को तुरंत हमले बंद कर देने चाहिए, ताकि हालात और न बिगड़ें और युद्ध दूसरे क्षेत्रों में न फैले।

**मॉस्को।** इस्राइल-ईरान तनावः रूस ने वर को चेताया- दखल दिया तो होंगे गंभीर नतीजे, चीन बोला- क्षेत्र में शांति प्राथमिकता रूस ने गुरुवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, क्योंकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका, इस्राइल के साथ युद्ध में शामिल हो सकता है। समाचार एजेंसी 'एएफपी' ने बताया कि रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा, 'हम खास तौर पर वॉशिंगटन को चेतावनी देना चाहते हैं कि वह इस स्थिति में कोई सैन्य दखल न दे। उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जिसके पूरी तरह से अनपेक्षित और नुकसानदेह नतीजे हो सकते हैं।' क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों (रूस और चीन) का नजरिया एक जैसा है।

---

## इलॉन मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

### लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया, आस-पास के घरों की खिड़कियां हिल गईं



#### फ्यूल लोडिंग प्रक्रिया शुरू होने के बाद विस्फोट हुआ

नासा स्पेसफ्साइट यूट्यूब चैनल पर ये टेस्ट लाइव दिखाया जा रहा था। इस दौरान कमेंट्री में बताया गया कि फ्यूल लोडिंग प्रक्रिया शुरू होने के लगभग 30 मिनट बाद विस्फोट हुआ। स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान रॉकेट के इंजन को लॉन्च माउंट से जुड़े रहते हुए चालू किया जाता है। टेस्ट में रॉकेट के छह रैप्टर इंजनों को एक साथ चालू करना था।

#### मस्क बोले- नाइट्रोजन गैस स्टोर करने वाला कंटेनर फेल हो गया

इलॉन मस्क ने कहा- प्रारंभिक डेटा से पता चलता है कि पेलोड बे में मौजूद नाइट्रोजन अपने प्रूफ प्रेशर से कम दबाव में फेल हो गया। अगर आगे की जांच से इसकी पुष्टि होती है कि यही हुआ होगा, तो स्टारशिप की इस डिजाइन के लिए यह पहली बार होगा।

#### कोई हताहत नहीं, लेकिन नुकसान बड़ा

हादसे के बाद बयान जारी कर बताया कि टेस्ट साइट के आसपास पहले से ही सुरक्षा का पूरा इंतजाम था। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और आसपास के इलाकों में रहने वालों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि वो टेस्ट साइट के पास न जाएं, क्योंकि अभी भी वहां आग बुझाने और सफाई का काम चल रहा है। कैमरन काउंटी के शेरिफ ऑफिस और स्थानीय पुलिस ने भी पुष्टि की कि कोई घायल नहीं हुआ। फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की, लेकिन रॉकेट और टेस्ट साइट को हुआ नुकसान इतना ज्यादा है कि स्पेसएक्स को अब अपनी 10वीं टेस्ट फ्लाइट की योजना पर फिर से काम करना पड़ेगा। एक तरह का खास दबाव वाला कंटेनर होता है।

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क का स्टारशिप-36 रॉकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समयानुसार आज यानी, 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ। धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले रॉकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में रॉकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लॉन्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके।

#### ऊपरी हिस्से में विस्फोट हुआ, रॉकेट आग के गोले में बदल गया

टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, रॉकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा रॉकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। इस धमाके का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि रॉकेट के नोज यानी, ऊपरी हिस्से से अचानक आग की लपटें निकलती हैं और फिर पूरा रॉकेट धमाके के साथ फट जाता है।

---

## ट्रम्प की पाकिस्तान आर्मी चीफ से बंद कमरे में मुलाकात

### आसिम मुनीर बोले: अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल प्राइज मिलना चाहिए, उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाया



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की है।

यह मुलाकात मुनीर के ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है। उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था।

आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं। ट्रम्प से उनकी मुलाकात से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीजफायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं। मुनीर की तारीफ में ट्रम्प बोले- संघर्ष रोकने में इनकी अहम भूमिका मुनीर से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने व्हाइट हाउस लॉन में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 'इस आदमी ने पाकिस्तान की तरफ से इसे (भारत-पाकिस्तान लड़ाई) रोकने में अहम भूमिका निभाई।' ट्रम्प ने बताया कि मुनीर के साथ उनकी ईरान-इजराइल संघर्ष पर भी चर्चा हुई। मुनीर से मुलाकात से पहले भी ट्रम्प ने मीडिया से बात की थी। तब उन्होंने कहा, 'मैंने उन्हें (मुनीर) यहां इसलिए बुलाया है क्योंकि मैं उन्हें भारत के साथ युद्ध में नहीं उतरने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जो कुछ दिन पहले ही यहां से गए हैं।' ट्रम्प ने कहा, 'हम भारत और पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं। इन दो बहुत ही चतुर लोगों (ढट मोदी और आसिम मुनीर) ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था। पाकिस्तान और भारत दो बड़ी परमाणु शक्तियां हैं।' अमेरिका में मुनीर के खिलाफ पाकिस्तानियों ने नारेबाजी की इससे पहले मुनीर ने मंगलवार को वॉशिंगटन में पाकिस्तानी समुदाय को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा- भारत पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगाकर सीमा उल्लंघन कर रहा है। हम शहादत स्वीकार करेंगे, लेकिन अपमान नहीं।

मुनीर ने ईरान-इजराइल युद्ध खत्म करने की वकालत की और अमेरिका के साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी की तारीफ की। हालांकि पाकिस्तानियों को संबोधित करने के दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया।

एक्सपर्ट बोले- ट्रम्प से मुलाकात मुनीर के असली शासक होने की मान्यता विदेश मामलों के जानकार और किंग्स कॉलेज लंदन में प्रोफेसर हर्ष वी. पंत का कहना है कि एक लोकतांत्रिक देश के राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के सैन्य शासक मुनीर से मुलाकात कर यह मान्यता दे दी है कि मुनीर ही असली शासक हैं। भारत ने जिस मुनीर को पहलगाम हमले का आरोपी बताया है, उस मुनीर से लंच और बातचीत ट्रम्प की शातिराना हरकत से कम नहीं है।

हर्ष ने कहा कि ट्रम्प-मुनीर की बैठक को केवल इजराइल-ईरान युद्ध के नजरिए से ही नहीं देखा जाना चाहिए। खासकर महत्वपूर्ण खनिजों, क्रिप्टो पर ट्रम्प-मुनीर का जुड़ाव रहा है।

---

## थाईलैंड की पीएम की कंबोडिया के नेता के साथ फोन पर हुई बातचीत लीक



**बैंकॉक।** थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न की कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री के साथ फोन पर हुई बातचीत लीक होने के बाद सियासी बवाल मच गया है। उनकी सहयोगी पार्टी सरकार से अलग हो गई है। वहीं, विपक्ष नए सिरे चुनाव की मांग कर रहा है। तख्तापलट की आशंका भी जताई जा रही है। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा ने गुरुवार को माफी मांगी। दरअसल, कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ उनकी बातचीत की रिकॉर्डिंग लीक हुई।

इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के मुद्दे नया सियासी बवाल खड़ा हो गया है। सरकार की एक बड़ी सहयोगी पार्टी गठबंधन से बाहर निकल गई है। वहीं, पैटोंगटार्न के इस्तीफे की मांग और तेज हो गई है। इससे उनकी पहले से ही डगमगा रही सरकार और कमजोर हो गई, जिसे उनकी पार्टी 'फ्यू थाई पार्टी' चला रही है। पैटोंगटार्न को पहले से ही यह कहकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था कि वह कंबोडिया के प्रति बहुत नरम रवैया रखती हैं।

#### कॉल रिकॉर्डिंग कैसे लीक हुई?

कंबोडिया की संसद के अध्यक्ष हुन सेन ने बुधवार को उस बातचीत की पूरी 17 मिनट की रिकॉर्डिंग अपने फेसबुक पर डाल दी, जबकि उसका एक छोटा हिस्सा पहले ही लीक हो गया था। हुन सेन ने कहा कि उन्होंने यह बातचीत इसलिए रिकॉर्ड की ताकि कोई गलतफहमी न हो या झूठी बातें न फैले। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने यह रिकॉर्डिंग कम से कम 80 लोगों को भेजी है।

---

### पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना फर्नांडेज की नजरबंदी शुरू हुई, हजारों लोग समर्थन में सड़क पर उतरे

**ब्यूनस आर्यस।** अर्जेंटीना की पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना फर्नांडेज की भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद छह साल घर में ही नजरबंद रहने की सजा शुरू हो गई है। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को राजनीति से भी पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। क्रिस्टिना के समर्थन में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और पूर्व राष्ट्रपति के समर्थन में रैली निकाली। क्रिस्टिना फर्नांडेज साल 2004-2007 तक अर्जेंटीना की प्रथम महिला के पद पर रहीं। इसके बाद 2007 से 2015 तक दो बार अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद पर रहीं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती मायावती पत्नी स्वर्गीय हरिशचंद निवासी ए 429 पाल विहार विकास कुंज लोनी थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद ने 2023 से अपने पुत्र राजू व पुत्रवधू निक्की को उनके क्रूर असामाजिक व्यवहार व अमर्यादित चरित्र के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति संबंध से बेदखल कर दिया है उनका मेरे मुक्किल व उसके परिवार के साथआज 02 06 25 के बाद कोई संबंध नहीं रहेगा वह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे यदि कोई व्यक्ति उनके साथ अपने संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा

नोटिस देहिंदा
श्याम वर्मा एडवोकेट
38 जिला एवं सत्र न्यायालय
राज नगर परिसर गाजियाबाद
98105 2 6498

# शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए निगम चला रहा है महाअभियान

## 31 जुलाई तक प्रत्येक जोन में होगी बड़ी कार्रवाई








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के क्रम में प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान जोरों से चल रहा है। हर घर को प्रतिबंधित प्लास्टिक के बहिष्कार हेतु जागरूक किया जा रहा है। इंदिरापुरम सहित पांचों जोन मे एसबीएम टीम तथा स्वास्थ्य विभाग टीम संयुक्त रूप से जन जागरूकता अभियान चला रही है। व्यापारी वर्ग तथा सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग निगम को मिल रहा है जिसमें क्षेत्रीय पार्षदों की भूमिका भी देखने को मिल रही है।

### प्लास्टिक उन्मूलन में हर नागरिक की हो भागीदारी : नगर आयुक्त



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि 12 जून से प्लास्टिक उन्मूलन अभियान शुरू हुआ जो की 31 जुलाई तक चलेगा जिसमें शहर को पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त बनाने की कार्यवाही चल रही है। दुकानदारों तथा अन्य व्यापारी वर्ग भी गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग कर रहा है। रेहड़ी पटरी व्यापारियों को भी प्रतिबंधित प्लास्टिक तथा पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए अपील की जा रही है। नगर आयुक्त द्वारा शहर को जागरूक करते हुए हर नागरिक को प्लास्टिक उन्मूलन अभियान में प्रतिभा करने के लिए अपील की गई है।

### आगामी सप्ताह में 'प्लास्टिक लाओ, थैला ले जाओ' कैंप लगाए जाएंगे : अपर नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा बताया गया कि आरंभ 6.0 के अंतर्गत भव्य प्लास्टिक मुक्त अभियान चल रहा है जिसमें नुक्कड़ नाटक तथा डोर टू डोर जाकर जन-जन को प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है। आगामी सप्ताह में कैंप लगाकर, प्लास्टिक लाओ, थैला ले जाओ के कैंप भी लगाए जाएंगे। साथ ही विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई के क्रम में प्लास्टिक का उपयोग करने वालों पर चालान की कार्रवाई भी की जा रही है।

# नगर निगम के अधिकारी शहर में भ्रांतियां फैला रहे हैं : हिमांशु मित्तल / राजेद्र त्यागी








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जैसे कि नगर निगम गाजियाबाद के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा एक प्रेस नोट जारी किया गया है उसके संबंध में हमारा कथन निम्न है।

1- के संबंध में हमारा कहना है कि सभी आपत्तियों का निस्तारण द्वेष पूर्ण तरीके से किया गया क्योंकि उन आपत्तियों के निस्तारण में कोई भी व्यक्ति जनप्रतिनिधि के तौर पर महापौर इत्यादि उपस्थित नहीं था अधिकारियों ने अपनी मनमर्जी से उन सभी आपत्तियों का निपटारा किया और जो ड्राफ्ट उन्होंने आपत्तियों से पूर्व में रखा था वही ड्राफ्ट आपत्तियों के बाद भी उसी तरह से रखा गया इसका मतलब सिर्फ यह है कि 318 आपत्तियां में कोई भी ऐसी आपत्ति नहीं थी जिसको उनका उनके द्वारा सही माना जाता वह उसको हिसाब से अपने टैक्स को सही करते इसलिए ना आपत्तियों का निस्तारण अधिकारियों ने अपनी मनमर्जी से किया।

2- दूसरा बिंदु भी इसी से संबंधित है।

3- बिंदु मुख्य कर निर्धारणअधिकारी द्वारा बताया गया कि टैक्स में लगभग दुगने की वृद्धि हुई है और अगर इससे ज्यादा वृद्धि हो रही है तो उन भवनों में पूर्व में कहीं सही प्रकार से टैक्स नहीं लगाया गया इसके लिए दोषी कौन है और अगर पूर्व में टैक्स न लगाए जाने के कारण यह अत्यधिक वृद्धि हो रही है तो टैक्स बढ़ाने की आवश्यकता क्या है सबसे पहले पूर्व में जो वृद्धि होनी चाहिए थी वह सही टैक्स लगाकर कर ली जाए उसके बाद में टैक्स लगाने के विषय पर चर्चा की जाए तो ज्यादा उचित होगा और अब इस बात की क्या गारंटी है कि जो व्यक्ति अब टैक्स लगा रहे हैं वह बिल्कुल ठीक प्रकार से लगा रहे हैं वह त्रुटि नहीं करेंगे।

चार बिंदु भी इसी से संबंधित है।

5-पांच के विषय में मैंने प्रत्येक जॉन का भ्रमण किया और यह अंदाजा लगाया कि कोई भी व्यक्ति पब्लिक के किसी भी आदमी को संतुष्ट करने के लिए वहां पर नहीं बैठा है बल्कि वह उन लोगों में और भ्रांति फैला रहे हैं। कवि नगर में के ए 60 प्रॉपर्टी है जो ब्रह्म कुमारी आश्रम के नाम से निहित है नियम अनुसार ब्रह्मकुमारी आश्रम उपासना स्थल है और उपासना स्थल पर किसी भी तरह की कर देता नहीं है लेकिन नगर निगम द्वारा उसे पर रु. 40000 का टैक्स लगाया गया है वह जब लोग नगर निगम अधिकारियों से मिलने गए तो नगर निगम अधिकारियों ने उनसे दो कर का फॉर्म भरकर लेन के लिए कहा जब जिस पर टैक्स बनता ही नहीं है वह किस चीज का फॉर्म भरकर लाएंगे उनको यह नहीं बताया गया कि आप केवल एक एप्लीकेशन दीजिए जिसमें वह आग्रह हो कि हम पर किसी तरीके की कर नहीं बनता है इसलिए अधिकारी भी जानबूझकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं और गाजियाबाद में एक विकट स्थिति उत्पन्न की जा रही है जिससे करदाता बहुत ज्यादा परेशान है।

6 नंबर बिंदु में कर अधिकारी द्वारा कहा गया कि अगर पुरानी पॉलिसी जिसमें 10 परसेंट प्रतिवर्ष में टैक्स बढ़ाने का प्रावधान है उसके अनुसार टैक्स बढ़ाया जाएगा तो यह आपके द्वारा बढ़ाए गए टैक्स से भी अधिक हो जाएगा लेकिन मुख्य करनिर्धारणअधिकारी द्वारा यह नहीं बताया गया कि जब प्रस्ताव पास होता है उसके उपरांत उस मिनिट्स के पुष्टि के उपरांत वह लागू किया जाता है यह प्रस्ताव 2016 में पास किया गया था तो 2001 से कैसे लागू किया जा सकता है इसके ऊपर अतिरिक्त मुझे यह भी कहना है कि जब वर्ष 2023 में हम हमारे पुराने सदन के द्वारा इस प्रस्ताव को कैंसिल कर कर 10% टैक्स बढ़ाने की संतुति की जा चुकी है तो किस आधार पर किसी प्रस्ताव को लागू प्रस्तुत किया गया क्योंकि जब भी कोई प्रस्ताव एक बार निरस्त हो जाता है तो उसे नए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा ऐसा नहीं किया गया इसलिए कहना है कि नगर निगम के अधिकारी गलत तरीके से टैक्स बढ़ाकर शहर में भ्रांतियां फैला रहे हैं और शहर की जनता को परेशान करने के लिए कार्य कर रहे हैं।इस प्रेस नोट को भी भ्रम फलने के लिए ही प्रसतुत किया गया हे हम एक हे हम एक रहेगे न बटेगे न ही कटेगे।

# जिला उपाध्यक्ष हाजी परवेज चौधरी ने सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन को लिखा पत्र

## जिलाध्यक्ष और महासचिव से पूछे दो सवाल, कहा - पार्टी में हो रही है अनुशासनहीनता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक पत्र आकाश अग्रवाल विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सपा मुरादनगर के लेटर हैड पर जारी हुआ था जिसमें आकाश अग्रवाल ने सपा लोहिया वाहिनी गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष असलम कुरैशी को विधानसभा क्षेत्र में सपा की कुसुम फार्म्स सेंथली में अनुपस्थिति को लेकर एक नोटिस जारी किया गया जिसमें विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष ने लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष को मीटिंग में आने को लेकर अपना अपमान बताते हुए मीटिंग में न आने के लिए स्पष्टीकरण मांगा और स्पष्टीकरण न देने की मीयाद खत्म होने पर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष के द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के पास लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासन के लिए सिफारिश करने के लिए कहा गया है।

### जिलाध्यक्ष/ महासचिव आपसे मेरे चंद सवाल हैं :

1) विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष को क्या इस तरह से एक विंग के जिलाध्यक्ष को नोटिस देने के अधिकार प्राप्त है?
2) अगर ऐसे अधिकार विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष को नहीं हैं तो आपके द्वारा इस पत्र पर कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी गई?

आपसे निवेदन है कि उक्त मामले में मुझ पार्टी कार्यकर्ता का मार्गदर्शन करें ताकि में भविष्य में इस तरह के पत्र/ लेख आदि पर सही ढंग से समझ सकूँ तथा पार्टी की गाडलाइन के अनुकूल अपना व्यवहार कर सकूँ।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इन दिनों जय भीम वाले भी भोले की शरण में हैं। बसपा के कोर्डिनेटर रवि जाटव शिव की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने देवानिदेव महादेव के प्रति अपनी आस्था को फेसबुक पर इस अंदाज में अपने सभी शुभचिंतकों और समर्थकों के साथ साझा किया। रवि जाटव की शिवभक्ति और आस्था की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता, व्यापारी नेता, प्रतिष्ठित व्यापारी अनिल अग्रवाल सांवरिया को वर्ष 2024-25 के एक्सीलेंसी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह अवार्ड पिलर ऑफ 'रीड एंड टेलर' सूटिंग के लिए प्रदान किया गया। समाज के गणमान्य लोगों ने अनिल अग्रवाल सांवरिया को इस अवार्ड प्राप्ति पर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुई चौपाल






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा जन सेवा में चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यों को लेकर बूथ स्तर पर जनता चौपाल आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यक्रम विभाग के महानगर संयोजक अमित प्रताप सिंह द्वारा अपने गृह बूथ 416 पर जनता चौपाल संगठन के निर्देशानुसार आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अजय शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

भाजपा नेता अमित प्रताप सिंह ने बताया कि जनता में मोदी सरकार के जन सेवा के कार्यों को लेकर जहां एक अलग ही उत्साह है वहीं अभी हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की निरंतर मजबूत हो रही पकड़ को लेकर भी जनमानस में एक बहुत ही सकारात्मक छवि मोदी सरकार की बनी हुई है। इस कार्यक्रम में अजय शर्मा द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र के लोगों को विकसित भारत के प्रति उनके योगदान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष ठाकुर विजेंद्र पाल सिंह द्वारा की गई। मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर, ठाकुर सोमवीर सिंह विपिन राठौर, ठाकुर वीरेंद्र सिंह, विकास सिसोदिया, ठाकुर नरेश पाल, सौरभ गोस्वामी ,कुलदीप चौधरी, राजेंद्र सिंह राघव ,गजेंद्र शर्मा, जगत सिंह भडाना ,गोपाल गुप्ता, ज्ञानेंद्र चौधरी, जसवीर गुप्ता, अमित गुप्ता, अशोक राव ,एसके मिश्रा, मंगल सिंह, सिद्धांत चौधरी, ठाकुर जयपाल सिंह गर्व ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# पिलखुवा नगर पालिका परिषद के सभागार कक्ष में अध्यक्ष विभू बंसल ने की चाय पर चर्चा



## कई अहम मुद्दों और समस्याओं के निस्तारण पर जिलाधिकारी से किया गया आग्रह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिलखुवा नगर पालिका परिषद के सभागार कक्ष में चाय पर चर्चा की बैठक में विद्युत विभाग, जल निगम, जल निकासी, सड़क निर्माण, अतिक्रमण,खेल का मैदान, पुस्तकालय, पार्किंग, टोल टैक्स आदि जैसी समस्याओं के विषय पर चर्चा की और इन समस्याओं के निस्तारण के लिए आदरणीय जिला अधिकारी अभिषेक पांडे से आग्रह किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, धौलाना, एसडीएम शुभम श्रीवास्तव , पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल,पिलखुवा नगर मण्डल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह, नगर पालिका कर निर्धारण अधिकारी ऋचा श्रीवास्तव, नगर पालिका सभासद दीपक शुक्ल, संजय चेतन राणा,अंशुल मित्तल, अजय कुमार , निर्मल कोरी, सुशील तोमर,लोकेश प्रजापति, शिव कुमार शर्मा , इकराम , प्रदीप तेवतिया, डॉ राजेश कुमार, वरुण शर्मा, सत्तार, यादराम, सोनू, सचिन पुंडीर, इकबाल,डॉ प्रदीप कुमार , विकास तोमर, जहीरूद्दीन, मनीष किशन, सचिन मित्तल एवं सम्मानित व्यापारी गण व नगर पालिका के अधिकारी गण / कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

मान्यवर,

बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारीपूज्यनीय माता जी श्रीमति राजकुमारी (धर्मपत्नी स्व0 श्री रामखिलौन सिंह जी) का स्वर्गवास दिनांक 9 जून 2025 दिन सोमवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी तेरहवीं दिनांक 20 जून2025 दिन शुक्रवार को होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम

हवन.........................................सुबह 8.00 बजे
ब्रह्मभोज.....................................सुबह 11.00 बजे

स्थान : अग्रसैन भवन, लोहिया नगर, निकट पुराना बस स्टैण्ड, गाजियाबाद ।

निवास स्थान :
म. नं. 84, मालीवाड़ा
गाजियाबाद ।
मो0 9416997644, 7011880184
8826273766, 9891055941

शोकाकुल परिवार :
चौ0 कृष्णपाल सिंह (देवर)
चौ0 राजकुमार सिंह (देवर)
चौ0 मनोज कुमार (पुत्र)

